




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**आवश्यकता है**

**मीडिया हाउस** में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 41 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 24 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### हाथियों का आतंकः दर्जनों मवेशियों को उतारा मौत के घाट घरों में दुबके रहे लोग

**कोरबा।** के कटघोरा वन मंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा। हाथियों के झुंड ने एक बार फिर लगभग एक दर्जन मवेशियों की जान ले ली। मवेशियों को गांव के बाहर खूंटे में बांधा गया था। घटना में मवेशी मालिकों को भारी क्षति हुई है। वन विभाग की टीम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

घटना बीती रात कटघोरा वन मंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के सिरमिना सर्किल के तहत ग्राम बगाही पारा में घटित हुई। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने प्रतिदिन की तरह गांव के बाहर खूंटे में मवेशियों को बांधा हुआ था। देर रात ग्रामीणों को हाथियों की चिंघाड़ के साथ मवेशियों के रंभाने की आवाज सुनाई दी। उन्हें हाथी के हमले का आभास तो हो गया लेकिन ग्रामीण हाथियों को खदेड़ने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

हाथियों से डर के चलते ग्रामीण अपने घरों में ही पूरी रात दुबके रहे। जब सुबह होने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। मौके पर मृत और घायल मवेशी इधर उधर पड़े हुए थे। हाथियों ने गाय बैल और बछड़े सहित करीब एक दर्जन मवेशियों की जान ले ली थी। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा। वन हमले ने हाथी से हमले में मवेशियों की मौत का प्रकरण तैयार करना शुरू कर दिया है।

### छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार, चार दिनों बाद पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। प्रदेश में कुछ दिनों बाद कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। हालांकि इस सप्ताह तक न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही कई इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले चार दिनों तक न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश होने की भी संभावना है। हालांकि बादल छाए रहने की वजह से न्यूनतम तापमान गिर सकता है।

# नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, दो ग्रामीणों की हुई मौत और एक घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के आमदई माइंस में नक्सलियों द्वारा लगाए आइईडी की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं एक मजदूर घायल हो गया है। घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल मजदूर का इलाज छोटेडोंगर अस्पताल में जारी है। नक्सलियों ने मजदूरों को काम नही करने की हिदायत दी है, इससे इलाके में दहशत का माहौल है। पूरा मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।






मिली जानकारी के अनुसार जानकारी के मुताबिक, इलाके में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले से ही प्रेशर ढ्ढश्वष्ठ प्लांट कर रखा था। शुक्रवार की सुबह मजदूर जंगल के रास्ते माइंस जा रहे थे। इसी दौरान राजपुर के रहने वाले एक मजदूर रितेश गागड़ा (21) का पैर ढ्ढश्वष्ठ पर आ गया। इसके कारण यहां जोरदार धमाका हुआ। इसकी चपेट में आने से रितेश सहित एक अन्य मजदूर की मौत हो गई। वहीं एक मजदूर घायल भी हो गया। बताया जा रहा है कि धमाके के बाद एक मजदूर लापता भी है। घटना के बाद पुलिस द्वारा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### खदान के लोडिंग प्वाइंट पर हुआ हादसा

इस मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुलिस को नौ बजे सूचना मिली की आमदई खदान के लोडिंग प्वाइंट में नक्सलियों के द्वारा प्रेशर बम को लगाया था, आज सुबह गांव के कुछ लोग वहां से गुजरने के दौरान एक ग्रामीण का पैर आईईडी के ऊपर आ जाने से ब्लास्ट हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा घायल को पास के ही एक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे ग्रामीण का शव भी बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा एक ग्रामीण के घायल होने की जानकारी पुलिस को मिली है।

# भिलाई की फर्नीचर फैक्ट्री में आग, दूर-दूर दिखीं लपटें



### अलसुबह हुआ हादसा लाखों के नुकसान की आशंका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शंकर नगर छावनी स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में शुक्रवार की सुबह भीषण आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया गया। मौके पर फायर ब्रिगेड की चार से पांच गाड़िया पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझता फैक्ट्री में लाखों का मटेरियल जलकर खाक हो गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर छावनी स्थित संतोष फर्नीचर फैक्ट्री में आग लग गई। सुबह अचानक आग की लपटें देख लोग हैरान रह गए। आनन फानन में फैक्ट्री मालिक को सूचना दी गई। आग की खबर लगते ही जामुल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस बीच फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की चार से पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाना शुरू किया। आग के कारण आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल रहा।

### लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण फैक्ट्री के लाखों का फर्नीचर चलकर खाक हो गया। फैक्ट्री में लकड़ी के हर तरह के फर्नीचर की मेनुफेक्चरिंग होती है। फैक्ट्री मालिक ने बताया कि आग लगने से 40 से 50 लाख रुपए का नुकसान होने की आशंका है। वहीं आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। फैक्ट्री मालिक ने बताया कि रात को बंद करते समय मेन कटआउट निकाल दिया गया था और किसी प्रकार का दिया भी नहीं लगाया गया। फैक्ट्री मालिक को संदेह है कि घटना के पीछे किसी का हाथ है। फिलहाल हादसे की जामुल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## चुनाव ड्यूटी करने वालों को मानदेय जारी ईसी ने भेजी 22 करोड़ 50 लाख की राशि

### हर विधानसभा को औसतन 25 लाख आवंटित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मतगणना 3 दिसंबर को होगी। चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को तय समय पर पैसा मिल जाए, इसके लिए चुनाव आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के फंड जारी कर दिया है। आयोग ने हर विधानसभा का औसत 25 लाख रुपए का बजट रखा है।


बताया जा रहा है कि प्रदेश के 33 जिलों के लिए 22 करोड़ 50 लाख रुपए जारी किए गए हैं। आयोग ने राशि जारी करने के साथ ही संबंधित जिलों के कलेक्टरों को राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है।

प्रदेश में विधानसभा चुनाव का मतदान दो चरणों में हुआ है। इन दो चरणों में 33 जिलों के 1 लाख 15 हजार से ज्?यादा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगी थी। इनमें सेक?टर और पीठासीन अधिकार, मतदान कर्मी, वाहन चालक, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल हैं। पहले चरण में 20 सीटों के लिए 7 नवंबर को वोट डाले गए थे। इस चरण में 21 हजार 216 कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगी थी, जबकि 4 हजार 202 रिजर्व में रखे गए थे। इसी तरह 17 नवंबर को दूसरे चरण की 70 सीटों के लिए मतदान हुआ। इस चरण में 75 हजार 332 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

## कतर में मौत की सजा पाए भारत के आठ पूर्व नेवी अफसरों की याचिका मंजूर, जल्द होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कतर में मौत की सजा पाए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अफसरों की याचिका को कतर की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। कतर की कोर्ट जल्द ही उनकी अपील पर सुनवाई कर सकती है। नौसेना के इन आठ पूर्व अफसरों को कतर में फांसी की सजा सुनाई गई है। सजा के खिलाफ भारत सरकार ने यह याचिका दायर की है। कतर की अदालत ने 23 नवंबर 2023 को इसे स्वीकार कर लिया और अब अपील का अध्ययन कर जल्द इस पर सुनवाई शुरू करेगी।

बता दें कि भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अफसर कतर में देहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज नामक कंपनी के लिए काम कर रहे थे। अगस्त 2022 में




इन सभी को गिरफ्तार किया गया। कतर की सरकार ने नौसेना के पूर्व अफसरों पर लगाए गए आरोपों की जानकारी नहीं दी है। बीती 26 अक्तूबर 2023 को कतर की अदालत ने इन पूर्व अफसरों को मौत की सजा सुना दी। कतर सरकार ने अभी तक आठ भारतीयों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। हालांकि ऐसी आशंका है कि सुरक्षा संबंधी अपराध के आरोप में यह गिरफ्तारियां हुई हैं। कतर के मीडिया का दावा है कि भारतीय अधिकारी इस्राइल के लिए जासूसी कर रहे थे। भारत सरकार ने भी आरोपों की जानकारी नहीं दी है।

नौसेना के जिन पूर्व अफसरों को कतर में फांसी की सजा दी गई है उनमें कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश शामिल हैं। जिस कंपनी देहरा ग्लोबल के लिए ये भारतीय काम करते थे, उसके सीईओ खामिल अल आजमी ओमान एयरफोर्स के अफसर रह चुके हैं। आजमी को भी पहले हिरासत में लिया गया था बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

## बिलासपुर में दो मंजिला दुकान में लगी आग, हादसे में 10 लाख रुपए का सामान जलकर खाक

**बिलासपुर।** बिलासपुर में गुरुवार रात दो मंजिला दुकान में आग लग गई। इससे दुकान के साथ ही बोरवेल के ऑफिस में रखा सामान जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक पूजा करने के बाद दीया जलता छोड़ गया था, इसी दीए से आग लगने की आशंका है। आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी।

फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने के चलते दुकान के अंदर रखा फर्नीचर और एक्टिवा समेत सारा सामान जल गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग से करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## झीरम मामले में भाजपा पर बरसे सीएम बघेल कहा- पहले जांच नहीं करवाई, अब कर रहे वादे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** झीरम घाटी कांड को लेकर छत्तीसगढ़ में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। ताजा मामले में भाजपा पर सीएम भूपेश बघेल ने जमकर हमला बोला। दरअसल भाजपा की ओर से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में उनकी सरकार बनती है तो वे झीरम कांड की जांच कराएंगे। भाजपा के वादे पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि पहले जांच नहीं करवाई और अब वादे कर रहे हैं।

बता दें सुप्रीम कोर्ट में एनआईए की अपील खारिज होने के बाद झीरम की जांच अब छत्तीसगढ़ पुलिस के हाथों में आ गई है। इस बीच भाजपा की ओर



से कहा गया कि उनकी सरकार का गठन होता है तो वे झीरम की जांच कराएंगे। भाजपा के इस वादे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को रायपुर एयरपोर्ट पर राजस्थान रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के नीचे गिरने का कोई स्तर नहीं। पहले जांच को रोका गया। धरमलाल कौशिक को कोर्ट किसने भेजा था। अड़ंगा डालने का काम पहले इन्होंने ही किया है।

भूपेश बघेल ने आगे कहा कि झीरम मामले में उस समय भी नोडल अधिकारी ऐसे आदमी को बना दिया गया था जो खुद इंवॉल्व था। जब उनकी सरकार थी तब सीबीआई जांच तो विधानसभा में पारित किया था लेकिन जांच क्यों नहीं करवाई? भारत सरकार से जो आदेश है उसे 2 साल तक दबाकर क्यों रखा था? रमन सिंह सारी घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। उसके बाद अब कह रहे हैं झीरम मामले की जांच करवाएंगे। सीएम भूपेश ने कहा कि अब झारम की जांच छत्तीसगढ़ की पुलिस करेगी। स्ढ्ढञ्ज का गठन हो गया है वह जांच करेगी।

### डीपफेक पर कसेगा सिकंजा, सरकार टेक कंपनियों के साथ हुई बैठक

## केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- जल्द बनेगा नया कानून

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डीपफेक इन दिनों काफी चर्चा में है। सेलीब्रिटीज की तस्वीरों वीडियोज को छेड़छाड़ करने का यह एक नया तरीका बन गया है। डीपफेक तस्वीरों व वीडियो वायरल होने के बाद सेलीब्रिटीज को सामने आकर इसका खंडन करना पड़ रहा है। अब सरकार ने डीपफेक को गंभीरता से लिया और जल्द ही इसके खिलाफ नया कानून लाकर सख्ती की जाएगी।

इसे लेकर सोशल मीडिया कंपनियों के साथ सरकार की बैठक हुई। बैठक के बाद केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हम सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि अगले लगभग 10 दिनों के भीतर डीपफेक के खिलाफ स्पष्ट और कार्रवाई योग्य कानून लेकर आएंगे। सभी टेक कंपनियों ने कहा है



कि डीपफेक को फ्री स्पीच के तहत नहीं रखा जा सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य टेक कंपनियों ने कहा है कि डीपफेक कुछ ऐसा है जो वास्तव में समाज के लिए हानिकारक है। आज इसे रेगुलेट करने के लिए मसौदा तैयार करना शुरू कर दिया जाएगा। बहुत ही कम समय में डीपफेक को लेकर नया कानून जनता के सामने हाजिर होगा।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों में कई सारे डीपफेक वीडियोज वायरल हुए हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर की बेटी और साउथ की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का भी वीडियो शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उन्हें गरबा करते हुए दिखाया गया था। डीपफेक फोटोज व वीडियोज जारी होने के बाद रश्मिका मंदाना व सारा तेंदुलकर को इसका खंडन भी करना पड़ा था। अब इसे लेकर सरकार ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है।

### जानिए क्या होता है डीपफेक?

डीपफेक वीडियो और वीडियो दोनों रूप में हो सकता है। इसे एक स्पेशल मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके बनाया जाता है जिसे डीप लर्निंग कहा जाता है। डीप लर्निंग में कंप्यूटर को दो वीडियोज या फोटो दिए जाते हैं जिन्हें देखकर वह खुद ही दोनों वीडियो या फोटो को एक ही जैसा बनाता है। यह ठीक उसी तरह है जैसे बच्चा किसी चीज की नकल करता है। इस तरह के फोटो वीडियोज में हिडेन लेयर्स होते हैं जिन्हें सिर्फएडिटिंग सॉफ्टवेयर से ही देखा जाता है। एक लाइन में कहें तो डीपफेक, रियल इमेज-वीडियोज को बेहतर रियल फेक फोटो-वीडियोज में बदलने की एक प्रक्रिया है। डीपफेक फोटो-वीडियोज फेक होने के बाद भी रियल नजर आते हैं।







## संपादकीय

### महाझूठ के खिलाफ

डीपफेक अर्थात महाझूठ के खिलाफ अगर केंद्र सरकार कानून बनाने जा रही है, तो यह स्वागतयोग्य है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को सोशल मीडिया कंपनियों, एआई कंपनियों और अन्य शोधकर्ताओं के साथ बैठक के बाद यह स्पष्ट कर दिया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय अगले 10 दिन में डीपफेक से निपटने के लिए एक स्पष्ट, कार्रवाई योग्य योजना जारी करेगा। साथ ही, केंद्र सरकार नए कानूनी प्रावधानों का एक मसौदा भी तैयार करेगी, ताकि किसी भी तरह की गलत सूचना पर अंकुश लगाया जा सके। वास्तव में, दुनिया में महाझूठ की यह समस्या सोशल मीडिया या इंटरनेट की दुनिया में इतनी ज्यादा हावी हो गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जी-20 जैसे मंच पर चिंता का इजहार कर चुके हैं। डीपफेक की शुरुआत हास्य-विनोद के लिए हुई थी, लेकिन अब इसका उपयोग चरित्र-हनन, शोषण और दुष्प्रचार के लिए ज्यादा होने लगा है। किसी की छवि बिगाड़ने का यह चस्का इसलिए भी चलन में आ गया है कि तकनीकी तौर पर लोग सक्षम हो गए हैं। बहुत से ऐसे सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं, जिनके जरिये किसी की छवि के साथ खिलवाड़ किया जा सकता है। अतः यह अब केवल ग्राफिक्स या कलात्मक कमाल मात्र नहीं है, गंभीर अपराध का भी एक रूप है। मोटे तौर पर जो योजना सामने आ रही है, उसके अनुसार, डीपफेक पर रोक की योजना के चार स्तंभ होंगे। डीपफेक या गहरी गलत सूचना का पता लगाना, इन गहरी गलत सूचनाओं को परिदृश्य से हटाकर या घटाकर खत्म करना, इस अपराध के रिपोर्टिंग-तंत्र को मजबूत करना और जागरूकता फैलाना। यह योजना तारीफ के योग्य है और ये उपाय पहले ही कर लेने चाहिए थे। अगर वर्तमान कानूनों के दायरे में ये अपराध नहीं आ रहे हैं, तो नए कानून की तैयारी प्रशंसनीय है। जब कानून आएगा, तब आएगा, सरकार को अभी स्पष्ट कर देना चाहिए कि डीपफेक के पुराने मामलों की भी पड़ताल होगी और दोषियों को सजा मिलेगी। सरकार की इस घोषणा मात्र से महाझूठ के मामलों में कमी आएगी। दंड की कमी की वजह से ही महाझूठ फैलाने वाले गली-गली में पसरने लगे हैं। खासतौर पर सोशल मीडिया से हो रही कमाई भी इसके लिए जिम्मेदार है। डीपफेक को रोकने के लिए खासतौर पर सोशल मीडिया प्रबंधन करने वाली कंपनियों को भी जवाबदेह बनाना होगा। डीपफेक के खिलाफबनने वाला नया कानून, जाहिर है, अनेक स्तरों पर परामर्श से गुजरेगा। इसमें किसी भी तरह से सेंध की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। राजनीतिक स्तर पर भी चरित्र-हनन के लिए महाझूठ गढ़े जाते हैं, अतः महाझूठ का सहारा लेने वाले राजनीतिक दलों या संगठनों या कंपनियों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। यह अच्छी बात है कि सभी सोशल मीडिया कंपनियां इस बात से सहमत हैं कि डीपफेक की लेबलिंग और वॉटरमार्किंग जरूरी है। इसी साल की शुरुआत में तेलुगु अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक फर्जी वीडियो वायरल होने के बाद से सरकार गंभीर हुई है, लेकिन इस दिशा में अधिकारियों को पूरी ईमानदारी से काम करना चाहिए। आईटी मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया मंचों को दो पत्र भेजकर उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाई है। तकनीकी तरक्की और खासकर एआई के साथ मिलकर महाझूठ दुनिया के लिए दिनों-दिन खतरनाक होते चले जाएंगे। अतः अगर हम समय रहते जाग जाएं, तो सबके लिए बेहतर होगा।

> “ डीपफेक को रोकने के लिए खासतौर पर सोशल मीडिया प्रबंधन करने वाली कंपनियों को भी जवाबदेह बनाना होगा। डीपफेक के खिलाफबनने वाला नया कानून, जाहिर है, अनेक स्तरों पर परामर्श से गुजरेगा। इसमें किसी भी तरह से सेंध की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए।

## डिसइन्फ्लेशन की गिरफ्त में

इन्फ्लेशन (मुद्रास्फीति) और डिफ्लेशन (मुद्रा संकुचन) आर्थिक चर्चाओं में अक्सर आने वाले शब्द हैं। लेकिन हाल में इससे संबंधित एक नया शब्द डिसइन्फ्लेशन चर्चित हुआ है। ऐसा इसलिए हुआ है कि क्योंकि कुछ ऐसी नई स्थितियां बनी हैं, जिन्हें उपरोक्त दो शब्दों से समझना कठिन हो गया है। इन्फ्लेशन वह स्थिति होती है, जब मांग की तुलना में सामग्रियों की कम आपूर्ति के कारण चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। वैसे कई बार कंपनियां अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए बाजार पर अपने एकाधिकार का इस्तेमाल कर भी अनुचित रूप से दाम बढ़ाती हैं, जैसाकि कोरोना महामारी के बाद लगभग पूरी दुनिया में देखने को मिला है। डिफ्लेशन वह स्थिति होती है, जब मांग से अधिक आपूर्ति के कारण चीजों के दाम गिर जाते हैं। उपभोक्ताओं की वास्तविक आय घटने की स्थिति में अक्सर ऐसा होता है। डिसइन्फ्लेशन वह स्थिति है, जब हेडलाइन इन्फ्लेशन (मुद्रास्फीति की कुल दर) घट जाती है, लेकिन आम लोगों के उपभोग वाली वस्तुएं फिर भी महंगी बनी रहती हैं।

भारत में अभी यही स्थिति पैदा हो गई है। हालिया सरकारी आंकड़ों के मुताबिक आम मुद्रास्फीति दर अब काबू में आ गई है, लेकिन कृषि और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर क्रमशः 7.08 और 6.92 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। स्थिति तरह खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति दर 8.42 प्रतिशत तक बनी हुई है। अलग-अलग राज्यों के इन आंकड़ों में भी अंतर है। यानी कुछ राज्यों में अन्य राज्यों की तुलना में आम उपभोग वाली चीजों की महंगाई अधिक तेजी से बढ़ रही है। और ऐसा लंबे समय से बना हुआ है। जाहिर है, कुल मुद्रास्फीति दर देश में महंगाई की असल सूरत जानने का सही पैमाना नहीं रही है। अभी हाल में यह ट्रेंड अमेरिका जैसे विकसित बाजारों में भी देखने को मिला है। इसीलिए डिसइन्फ्लेशन को इस समय की एक बड़ी परिघटना माना जा रहा है। भारत में भी इस पहलू पर अधिक रोशनी डालने की जरूरत है। वरना, तमाम वित्तीय एवं मौद्रिक नीतियां हेडलाइन इन्फ्लेशन को देखकर बनाई जाती रहेंगी, जिसका बुरा असर कम आय वर्ग वाले देश के आम जन पर पड़ेगा।

## गहलोत का दांव कितना कारगर होगा?

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 25 नवंबर को होने वाले मतदान से एक बड़ा दांव चला है। उन्होंने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य की सभी दो सौ सीटों पर वे खुद चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को लोकल मामले पर ध्यान नहीं देना है और न यह देखना है कि कौन चुनाव लड़ रहा है। गहलोत ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में जो काम किया है और जो नीतियां बनाई हैं, उनको ध्यान में रख कर लोग मतदान करें। यह पहली बार है, जब किसी मुख्यमंत्री ने यह कहा है कि सभी सीटों पर वह खुद चुनाव लड़ रहा है।

ध्यान रहे भारतीय जनता पार्टी ने अपना मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित नहीं किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ रही है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह नहीं कहा कि हर सीट पर वे लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का चेहरा कमल का निशान है। लेकिन गहलोत ने कहा कि हर सीट पर वे खुद लड़ रहे हैं। पता नहीं कांग्रेस आलाकमान ने उनकी इस बात को किस रूप में लिया है क्योंकि उसकी ऑथोरिटी को भी चुनौती है। राजनीतिक लिहाज से भी यह जोखिम वाला दांव है। गहलोत को ऐसा लग रहा है कि अपनी लोक लुभावन घोषणाओं पर बहुत ज्यादा यकीन है और साथ ही इस बात का भी भरोसा है कि उनके पिछड़ी जाति से होने की वजह से एक बड़ा वोट समूह उनके साथ जुड़ेगा। यह भी कहा जा रहा है कि विधायकों के प्रति स्थानीय स्तर पर बहुत नाराजगी है। उन्होंने उस नाराजगी को दूर करने के लिए भी अपने चेहरे पर वोट डालने की अपील की है।

> “ तमाम वैश्विक आलोचनाओं के बावजूद गाजा में इजरायली सैन्य अभियान हमास को खत्म करने और बंधकों को मुक्त कराने के लिए शुरू किया गया था। मगर इन दोनों मोर्चों पर इजरायली सैनिकों को खास सफलता नहीं मिल पाई है। यह उम्मीद नहीं थी कि इजरायली सेना एक महीने में भी हमास को खत्म नहीं कर पाएगी। अब तो यह एक साल की कार्रवाई में भी असंभव लगता है।

# अपने नेताओं से जवाब मांगते इजरायली

खींवराज जांगिड़, विशेषज्ञ, इजरायल मामले

पिछले महीने की 7 अक्टूबर को इजरायलियों पर 'होलोकॉस्ट' के बाद से सबसे भयानक हमला किया गया था। होलोकॉस्ट दूसरे विश्व युद्ध का वह नरसंहार है, जिसमें नाजियों ने करीब 60 लाख यहूदियों की हत्या कर दी थी। 7 अक्टूबर को भी 1,200 से अधिक लोगों की मौत हुई, जिनमें से ज्यादातर आम नागरिक थे। इजरायल के दक्षिण में हुए इस हमले में जो लोग मारे गए, वे इन सबसे अनजान अपने घरों या किबुत (सामुदायिक कृषि से जुड़ी इजरायल की एक सामाजिक व्यवस्था) में रमे थे। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था कि हमास और फिलिस्तीनी इस्लामी उग्रवादियों ने उनके घरों को यूं घेर लिया हो। उग्रवादी (उनको आतंकवादी कहना ज्यादा सही होगा) गाजा में अपने साथ बंधक भी ले गए, जिनके रील और वीडियो बनाकर वे खुश हो रहे थे। गाजा में करीब 240 बंधक हैं, जिनमें सैनिकों के साथ बुजुर्ग, महिला, लड़की, किशोर और छोटे-छोटे बच्चे हैं। इजरायली सैनिकों के कुछ शवों को बाद में इजरायल के खिलाफ इस्तेमाल भी किया गया।

इन सबकी प्रतिक्रिया में इजरायल ने गाजा पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। उसने गाजा के उत्तरी हिस्से पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है, जहां से 10 लाख से अधिक बाशिंदे दक्षिणी हिस्से में विस्थापित होने के लिए मजबूर हुए हैं। गाजा में 12 हजार से भी अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। हमास ने इजरायल के साथ संघर्ष-विराम के बदले में बंधकों को वापस करने से इनकार किया था। अगर ऐसा हो पाता, तो संभवतः गाजा के हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

तमाम वैश्विक आलोचनाओं के बावजूद गाजा में इजरायली सैन्य अभियान हमास को खत्म करने और बंधकों को मुक्त कराने के लिए शुरू किया गया था। मगर इन दोनों मोर्चों पर इजरायली सैनिकों को खास सफलता नहीं मिल पाई है। यह उम्मीद नहीं थी कि इजरायली सेना एक महीने में भी हमास को खत्म नहीं कर पाएगी। अब तो यह एक साल की कार्रवाई में भी असंभव लगता है। हमास के आतंकी 500 किलोमीटर से अधिक लंबी सुरंगों में छिप गए हैं। हालांकि, बंधकों का पता लगाना शुरू में बहुत मुश्किल नहीं लग रहा था, लेकिन इजरायल की सेना अब इससे भी बहुत दूर लग रही है। इस रणनीतिक विफलता और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर बढ़ते घरेलू दबाव ने इजरायल को वैकल्पिक नजरिया अपनाने को मजबूर किया है। अब कतर की मध्यस्थता से इजरायल और हमास के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके तहत हमास 50 इजरायली नागरिकों को छोड़ रहा है, जिनमें अमूमन बच्चे और महिलाएं हैं। इसके



बदले में इजरायल भी अपनी जेलों से 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर रहा है। चार दिनों के संघर्ष-विराम पर भी सहमति बनी है, क्योंकि हमास सभी को एक साथ नहीं, बल्कि अलग-अलग आजाद करेगा। हमास ने मांग की थी, जिसे मान भी लिया गया है कि इजरायल न सिर्फ युद्ध बंद करेगा, बल्कि ड्रोन से निगरानी भी रोकेगा, क्योंकि इससे हमास की गतिविधियां उनके ठिकानों के अंदर और बाहर नजर में आ सकती थीं।

हमास के साथ हुए इस समझौते को लेकर बंधकों के परिवारों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखी जा रही है। यह उन परिवारों के लिए निश्चित रूप से सुखद है, जो 47 दिनों के बाद अपने परिजनों से मिलेंगे। मगर कई अन्य परिवारों को, जिनके सदस्यों को हमास नहीं रिहा कर रहा, अभी लंबा इंतजार करना होगा। अंतरराष्ट्रीय कानूनों व नियमों के विपरीत, हमास ने रेड क्रॉस के जरिये वैश्विक सहायता भी बंधकों को उपलब्ध कराने की मांग खारिज कर दी है। कई इजरायली परिवारों को यह तक नहीं पता कि हमास की कैद में उनके परिजन जीवित भी हैं या नहीं?

इन सबसे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ इजरायल में नाराजगी बढ़ने लगी है। इजरायल की सेना एक ऐसी लड़ाई लड़ रही है, जिससे उसकी पेशानी पर अब बल पड़ने लगे हैं और जिसे वह जीत नहीं पा रही है। नेतन्याहू जैसे वरिष्ठ सियासी नेताओं को इसके बारे में बता दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया। कई अन्य दक्षिणपंथी और राष्ट्रवादी नेताओं ने भी खुफिया चेतावनियों पर गौर करना मुनासिब नहीं समझा था। नतीजतन, इजरायली अब अपने अस्तित्व को संकट में मानने लगे हैं, वह भी तब, जब उनकी सेना दुनिया में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है और उनके खुफिया उपकरणों व उन्नत युद्ध-सामग्रियों की भारत जैसे कई देशों में मांग रही है।

निस्संदेह, अपने लंबे राजनीतिक करियर में ताजा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में विफल रहने के लिए बेंजामिन नेतन्याहू तो कुछ हद तक अपमानित भी होना पड़ा है। खुद का बचाव करने के लिए उन्होंने सुरक्षा में चूक का ठीकरा रक्षा व खुफिया प्रमुखों पर फोड़ने का प्रयास किया। पिछले माह 29 अक्टूबर को उन्होंने ट्वीट किया था कि उन्हें सुरक्षा प्रमुखों द्वारा हमास के आसन्न हमले को लेकर कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। हालांकि, अपने युद्ध मंत्रिमंडल के सदस्य बेनी गैंज की आलोचना के बाद उन्हें अपना वह ट्वीट हटाना पड़ा था। एक मर्तबा तो उन्हें माफी भी मांगनी पड़ी, क्योंकि उन्होंने युद्ध के समाप्त हो जाने के बाद अपने खिलाफ चले विरोध-प्रदर्शनों की जांच कराने की बात कही थी, जिसके कारण कई लोग इजरायली सेना की स्वैच्छिक सेवा से हटने लगे थे। इजरायल के ताजा सर्वेक्षण में नेतन्याहू की राजनीतिक स्थिति काफी कमजोर लग रही है। उनकी पाटी के कुछ सदस्यों ने इजरायल की विफलता के लिए उन्हें दोषी ठहराते हुए इस्तीफा भी दे दिया है।

बंधकों के परिजनों ने 18 नवंबर को तेल अवीव से येरुशलम तक चार दिवसीय यात्रा की, जिसमें बंधकों को गाजा से मुक्त कराने में विफल रहने के लिए नेतन्याहू और अन्य नेताओं से 'लुक अस इन द आई' की मांग की गई। सर्दियों की भारी बारिश में भीगते हुए भी सैकड़ों लोग येरुशलम की ओर चल पड़े थे, जहां उन्होंने 30 हजार से भी अधिक लोगों के साथ बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। फिलहाल, नेतन्याहू और इजरायल में किसी भी अन्य नेता के पास अपने उन नागरिकों के लिए कोई बेहतर आश्वासन नहीं है, जो एक नाउम्मीदी और गम व गुस्से में हैं।

**(लेखक इजरायल के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में विजिटिंग फैकल्टी हैं, ये उनके अपने विचार हैं)**

# भारतीय श्रमबल में बढ़ने लगी युवा और महिला भागीदारी

वी अनंत नागेश्वरन, अर्थशास्त्री

भारत के श्रम बाजार के संबंध में दो हालिया घटनाक्रम हमारा ध्यान खींचते हैं। सबसे पहले, संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया कि दुनिया के सर्वाधिक आबादी वाले देश के रूप में भारत चीन से आगे निकल गया है, कामकाजी उम्र की आबादी में हमारी हिस्सेदारी अगले 13 वर्षों तक बढ़ेगी। दूसरा, प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन ने कार्यबल में महिला भागीदारी पर अपने काम के लिए अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार जीता। ये खबरें पिछले माह भारत के वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के जारी होने के साथ मेल खाती हैं। साथ ही, इससे रोजगार में मौजूदा रुझानों को समझने में भी सहूलियत होती है।

युवा रोजगार में वृद्धि हो रही है। भारत के उत्तरी व मध्यवर्ती राज्यों में युवा आबादी के साथ-साथ युवा रोजगार में भी वृद्धि हो रही है। पीएलएफएस के अनुसार, युवा (आयु 15 से 29 वर्ष) बेरोजगारी दर 2017-18 के 17.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत हो गई है, जबकि युवाओं की श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 38.2 प्रतिशत से बढ़कर 44.5 हो गई है। साल 2021 में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 6.90 करोड़ युवा, बिहार में 3.50 करोड़ युवा और मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ युवा हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें, तो यहां युवा बेरोजगारी दर साल 2017-18 के 16.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 7.0 प्रतिशत हो गई है। भारत में युवाओं की आबादी बढ़ाने वाले राज्य भी अब युवा रोजगार में वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं।

महिला श्रमबल भागीदारी दर में भी वृद्धि हुई है। महिलाओं में शिक्षा बढ़ी है। उनके नामांकन में भारी वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, उच्च माध्यमिक शिक्षा में महिला सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को लें, जो 2004-05 में 24.5 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 तक 58.2



प्रतिशत हो गया है। उच्च शिक्षा में महिला नामांकन 6.7 प्रतिशत से चार गुना हो गया है। अब 27 प्रतिशत से अधिक महिलाएं उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने लगी हैं, इससे आने वाले दशकों में भारतीय कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ जाएगी। इससे भारत में कार्यबल की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। ध्यान रहे, भारत में एक-चौथाई आबादी 15 वर्ष से कम उम्र की और आधी से अधिक आबादी 30 वर्ष से कम उम्र की है।

भारतीय कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। यह 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई है। कामकाजीस्त्रियों की संख्या में वृद्धि के साथ ही स्व-रोजगार व कृषि कार्य में हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है। सबसे पहले, स्व-रोजगार की हिस्सेदारी में वृद्धि ग्रामीण उत्पादन में स्त्रियों के बढ़ते योगदान का संकेत है। यह कई कारणों से हुआ है, जिसमें कृषि उत्पादन में निरंतर उच्च वृद्धि व स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छता आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच के विस्तार से महिलाओं के समय व संसाधन की बचत हुई है। 'कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव' में प्रस्तुत एक शोध पत्र में यह निष्कर्ष सामने आया कि हर घर नल जल से भी कार्यबल में स्त्रियों की भागीदारी बढ़ी है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया रिपोर्ट' में भी इस तथ्य को दोहराया गया है।

दूसरी बात, जहां महिला कार्यबल की संरचना कृषि की ओर झुक रही है, वहीं पुरुष कार्यबल का झुकाव कृषि क्षेत्र से दूर हो रहा है। ग्रामीण महिला कार्यबल के बीच व्यवसाय के रूप में कृषि की हिस्सेदारी 2017-18 में 73.2 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 76.2 प्रतिशत हो गई है, वहीं ग्रामीण पुरुष कार्यबल में कृषि-हिस्सेदारी 55 प्रतिशत से घटकर 49.1 प्रतिशत हो गई है।

तीसरी बात, ग्रामीण महिला कार्यबल में कुशल कृषि श्रमिकों के बढ़ते अनुपात (2018-19 में 48 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में59.4 प्रतिशत तक) और प्राथमिक कृषि श्रमिकों की हिस्सेदारी में गिरावट के चलते संरचनात्मक बदलाव हुआ है। स्त्रियों ने कृषि-कर्म छोड़ने वाले पुरुषों की भरपायी की है, यानी कृषि-कर्म का महिलाकरण कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक बदलाव की ओर इशारा करता है। यह आपदा या संकट प्रेरित लाभ का संकेत है और यह गंभीर कला सिनेमा से ज्यादा चक दे इंडिया जैसी सुखद कहानी है।

**(साथ में दीक्षा एस बिष्ट)**

# बढ़ते खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से बढ़ेगा निर्यात व रोजगार

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में भारत को 'दुनिया की खाद्य टोकरी' के रूप में प्रदर्शित करने के उद्देश्य से दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया से यह स्वर उभरा कि भारत का खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) सेक्टर एक ऐसा उभरता उद्योग है, जिसमें पिछले नौ वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हुआ है और भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 15 गुना से अधिक बढ़कर 12 लाख टन से दो सौ लाख टन हो गई है। देश के कुल कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। पहला, डेयरी क्षेत्र, दूसरा, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीसरा, अनाज का प्रसंस्करण, चौथा, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांचवां, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। सरकार द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के तहत इन पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं के विस्तार के लिए कई कदम उठाए गए हैं। छोटे फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को वित्त, तकनीक और अन्य तरह की मदद पहुंचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की 'केन्द्रीय प्रायोजित पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना' आगे बढ़ रही है। इस योजना के तहत 2020-21 से 2024-25 तक 10,000 करोड़ रुपये के खर्च किए जाने सुनिश्चित किए गए हैं। इस योजना के तहत राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे कच्चे माल की उपलब्धता का ध्यान रखते हुए हर जिले के लिए एक खाद्य उत्पाद की पहचान करें। ऐसे उत्पादों की सूची में आम, आलू, लीची, टमाटर, साबूदाना, कीनू, पेठा, पापड़, अचार, बाजरा आधारित उत्पाद, मछली पालन, मुर्गी पालन भी शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के आधार पर चुने गए उत्पादों का प्रोडक्शन करने वाले उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर मदद दी जा रही है। हिमाचल प्रदेश से काले लहसुन, जम्मू-कश्मीर से ड्रैगन फ्रूट, मध्य प्रदेश से सोया दूध पाउडर, लद्दाख से सेब, पंजाब से कैवेंडिश केले, जम्मू से गुच्ची मशरूम और कर्नाटक से कच्चा शहद जैसे खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही अब मोटा अनाज जैसे खाद्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात बढ़ रहा है।



वहीं कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अंतर्गत विभिन्न फलों, खाद्यान्नों और फूलों की खेती के लिये ईपीएफका गठन किया गया है। मौजूदा 'कृषि-क्लस्टरों' को मजबूत करने और अधिक उत्पाद-विशेष वाले कलस्टर बनाने पर भी जोर दिया गया है। एपीडा को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी सौंपी है और उसके संसाधन बढ़ाए हैं। एपीडा ने एक कदम और बढ़ाते हुए श्रीअन्न की खपत और कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न ब्रांड का निर्माण किया है। रेडी टू ईट और रेडी टू सर्व के अनुकूल श्रीअन्न पर आधारित सैंपल और स्टार्टअप जुटाए जा रहे हैं, जो ज्वार-बाजरा, रागी एवं अन्य मोटे अनाजों से नूडल्स, बिस्कुट, ब्रेकफास्ट, पास्ता, सीरियल मिक्स, कुकीज, स्नैक्स एवं मिठाइयां आदि बना सकें, ताकि विश्व बाजार में निर्यात को बढ़ावा देने में सहूलियत हो सके।

केंद्र सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए 10,900 करोड़ रुपये आवंटन के साथ जो पीएलआई योजना लागू की है उससे मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके तहत रेडी टू ईट और रेडी टू कुक, डेयरी क्षेत्र, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, अनाज का प्रसंस्करण, मांस, मछली, पोल्ट्री प्रसंस्करण, उपभोक्ता वस्तुएं, पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ के विनिर्माताओं को उनकी निवेश और संवर्धित बिक्री की प्रतिबद्धता के आधार पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहन देने के इन कदमों के साथ-साथ सितंबर, 2020 में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए सुनिश्चित किए गए एक लाख करोड़ रुपये की वित्तपोषण सुविधा से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहा है। खाद्य प्रसंस्करण को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा दे चुकी है। इससे सस्ते कर्ज के साथ निर्यात में प्रतिस्पर्धी माहौल बना है। साथ ही देश में वर्ष 2020 से शुरू की गई किसान ट्रेनें भी खाद्य प्रसंस्करण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रही हैं।

महत्वपूर्ण यह है कि सरकार ने फसल कटाई के बाद की सुविधाएं विकसित करने और शीतगृह का बुनियादी ढांचा विकसित करने का उद्देश्य रखने वाली इकाइयों के लिए 100 फीसदी एफडीआई की इजाजत सुनिश्चित की है। वस्तुतः खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कृषि और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों का महत्वपूर्ण घटक है। जहां खाद्य प्रसंस्करण कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है, वहीं इसकी बदौलत फसल उत्पादन में वृद्धि और उसका मूल्यवर्धन होता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से उपज का अधिकतम इस्तेमाल हो पाता है और प्रसंस्कृत वस्तुएं उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और साफ-सुथरी स्थिति में पहुंच पाती हैं। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और महिलाओं के रोजगारपरक क्षेत्रों में अहम है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र कई अन्य पूंजी आधारित उद्योगों की तुलना में ज्यादा रोजगार प्रदान करता है। विनिर्माण क्षेत्र में पूंजी गहन उत्पादन को तरजीह तथा स्वचालन, रोबोट, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे उभरती प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन से रोजगार के खतरे को देखते हुए बड़ी संख्या में कार्यबल को रोजगार देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की आवश्यकता बढ़ गई है।

निःसंदेह खाद्य प्रसंस्करण से बहुत अच्छे कृषि आधार भारत के पास हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। लेकिन फिर भी इनमें खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत बहुत पीछे है। लेकिन भारत में खाद्य उत्पादन के प्रसंस्करण का स्तर विश्व के अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कुल खाद्य उत्पादन का 10 फीसदी से भी कम हिस्सा प्रसंस्कृत होता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### गौवंश के लिए चारे का पर्याप्त व्यवस्था करने किसानों को गौठानों में पैरादान के लिए प्रेरित करें : कलेक्टर



**बीजापुर।** कलेक्टर कटारा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था के लिए गौठानों में पैरादान हेतु किसानों को प्रेरित कर अधिक से अधिक पैरा एकत्रित करने के निर्देश दिए। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अर्न्तगत 03 दिसम्बर को मतगणना के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा किया गया। रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगरीय क्षेत्रों एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाने रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। समस्त आवासीय विद्यालयों में मलेरिया जांच कर पाजिटिव्ह प्रकरणों का समुचित उपचार करने मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित कराने सहित परिसर को साफ-सुथरा रखने दवाई छिड़काव के निर्देश दिया गया। बैठक में गोबर खरीदी, वर्मी खाद के उत्पादन, विक्रय, गौमूत्र खरीदी सहित रीपा अंर्तगत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

### कलेक्टर-एसपी ने लखनपुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल निम्हा का किया निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर कुन्दन व पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने गुरुवार को लखनपुर विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल निम्हा का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने स्कूल का सघन निरीक्षण किया और शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी स्कूल प्राचार्य से ली। उन्होंने इस दौरान बच्चों से भी सीधे संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं से रूबरू हुए। कलेक्टर कुन्दन और एसपी सुनील ने खेल के मैदान में हायर सेकंडरी के छात्र छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को अनुशासन में रहकर शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन में रहना बेहद जरूरी है। ये आगे के जीवन में आपका मददगार साबित होता है। इस दौरान बच्चों ने भी खुलकर अपनी बातें कलेक्टर-एसपी के समक्ष रखी। उन्होंने बच्चों को सभी सुविधाएं देने और स्कूल में जरूरी सुधार करने अधिकारियों एवं स्कूल प्राचार्य को निर्देशित किया है। आवश्यक सुधार कराए जाने की जानकारी संज्ञान में आने पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश स्कूल प्राचार्य को दिए। बता दें कि कलेक्टर कुन्दन द्वारा सभी जिला अधिकारियों को छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक व आवासीय सुविधाओं के मद्देनजर स्कूल, आश्रम छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों के सतत निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ उन्होंने जिले के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी, संप्रेक्षण गृहों आदि के निरीक्षण कर भी रिपोर्ट प्रस्तुत करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# हॉफ बिजली बिल के बाद भी विद्युत विभाग को बंपर फायदा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** साल 2009 से लगातार घाटे में चलने वाली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बीते तीन तिमाही से फायदे की ओर बढ़ रही है। बता दें जब से छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ उसके बाद कुछ वर्षों को छोड़ दिया जाए तो लगातार सीएसपीडीसीएल हमेशा से नुकसान में रहा है।

लगातार बिजली वितरण को लेकर कंपनी को हमेशा से नुकसान झेलना पड़ा है लेकिन साल 2023 में कंपनी लगातार फायदे में चल रही है। जो कंपनी पिछले सत्र में जुलाई से सितंबर सत्र की तिमाही में 800 करोड़ के घाटे में थी। कंपनी इस तिमाही 31 करोड़ के फायदे में पहुंच गई है।

### कब-कब कितना फायदा?

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी को पिछले सत्र की अंतिम तिमाही और इस सत्र की शुरुआत से लगातार फायदा हो रहा है। लगातार घाटे में रहने वाली कंपनी को इस साल 138 करोड़ का फायदा हुआ है। जबकि इसी तिमाही में कंपनी को 422 करोड़ का घाटा हुआ था लेकिन इस बार कंपनी घाटे की भरपाई करने में सफल रही और एक बार फिर घाटे में जाने से बच गई।





### 798 करोड़ के घाटे में थी कंपनी

कंपनी को पिछले सत्र की अंतिम तिमाही में 136 करोड़ का फायदा यानी दो तिमाही में 274 करोड़ का फायदा हुआ। इसके बाद 2023-24 की अंतिम तिमाही में कंपनी 31 करोड़ का ही फायदा कर सकीं। यानी की कंपनी का टोटल फायदा 829 करोड़ का रहा है। यह कंपनी 798 करोड़ के घाटे में थी। इसके साथ ही कंपनी ने घाटा पूरा करने के साथ-साथ कमाई करने में भी सफल रही है।

### 2009 से घाटी में रहने वाली कंपनी को फायदा

साल 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का गठन होने के बाद भाजपा शासन ने साल 2009 में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल को भंग करते हुए पांच कंपनियों का गठन किया था। विद्युत मंडल भंग करने के बाद लगातार फायदे में रहने वाली कंपनी इसके बाद से कभी घाटे से नहीं उभर पाई। यह इतिहास बनाने वाली बात होगी कि साल 2009 से लगातार घाटे में रहने वाली छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी साल 2022-23 की अंतिम तिमाही और साल 2023-24 की पहले और दूसरी तिमाही में लगातार मुनाफा कमाया है। इतने वर्षों के दौरान पहली बार कंपनी फायदे में रही है।

# 3 दिसंबर को मतगणना, की गई चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के चौथे आम चुनाव दो चरणों में संपन्न होने के बाद आगामी 3 दिसंबर को बहु प्रतिक्षित मतगणना की जानी है। इस हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कोरबा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना आईटी कॉलेज में कराये जाने की तैयारी शुरू कर दी है। कड़े पहरे में भारी पुलिस बल व सशस्त्र जवानों की तैनाती में सारी कार्रवाई उस दिन संपन्न कराई जाएगी।



जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरव कुमार तथा जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला मतगणना स्थल आईटी कॉलेज का मुआयना करने के बाद वहां के स्ट्रॉंग रूम में रखी गई ईवीएम मतपेटियों की सुरक्षा के लिए मतदान के बाद से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करा दी है। अब आने वाले 3 दिसंबर को मतगणना की जाएगी।

मतगणना स्थल पर जिला बल के एवं राज्य के अन्य पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों से मंगाए गए 1000 के लगभग पुलिस जवानों व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के कड़े पहरे के मध्य मतगणना की प्रक्रिया सुबह से शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं यातायात पुलिस भी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पुलिस अधीक्षक के द्वारा चार्ट में जारी किये गए दिशा निर्देशों के अनुरूप निभाएंगे। वहीं रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा द्वारा मतगणना के दिन किन-किन लोगों को कहां और किस प्वाइंट पर लगाया जाना है उसकी भी चार्ट लिस्ट तैयार की जा रही है। पूरी तैयारी होने के बाद इसका रिहर्सल भी किया जाएगा।रिफ्लेक्टर पट्टी व बेटन लाइट की व्यवस्था

मतगणना के दिन 3 दिसंबर को शाम होते ही यातायात पुलिस के एक प्रभारी एसआई गोवर्धन राम माझी, एएसआई क्रमशरू मनोज राठौर, घनश्याम सिंह राजपूत, तरूण जायसवाल, मालिकराम जांगड़े तथा पांच प्रधान आरक्षकों क्रमशरू साहेबलाल खटकर, प्रवीण नारडे, शंखधर जायसवाल, मेहमान कुर्रे, पवन सिंह के अलावा 18 आरक्षक भी मतगणना स्थल के बाहर पार्किंग व्यवस्था एवं वाहनों के आवागमन को व्यस्थित करने में लगाए गए हैं। एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि रिफ्लेक्टर पट्टी व बेटन लाइट (रात में चमक बिखेरने वाली) के साथ वहां मतगणना परिसर के बाहर सडक पर अपना कर्तव्यबोध का इजहार करेंगे।

# पैरालीगल वालिंटियर्स ने नेशनल लोक अदालत का किया प्रचार-प्रसार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** अध्यक्ष जिला व सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स सोनिया सिंह, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र कुमार यादव, चंद्रकिशोर सिह, पवन कुमार साहू, चेतन सिंह द्वारा ग्राम पिरदा, तहसील कार्यालय बेरला, तारालीम, बालसमुंद, भैंसा, खैरी, जेवरा, थानखम्हरिया, पतोरा, मटिया, बावनलाख, बसनी, भिंभौरी, करही, पथरीखुर्द, आनंदगांव एवं साप्ताहिक बाजार ग्राम भोईनाभाठा, कुसनी, मोहभट्ठा, सरदा तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लेंजवारा, आंदु में 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला न्यायालय में लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है।

उन्हें बताया गया कि लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है। न्याय शुल्क यदि लगा हो तो न्यायालय द्वारा उसे वापस प्रदान करने का आदेश दिया जाता है। राजीनामा के आधार पर निराकृत मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराकम्य लिखित अधिनियम, सिविल प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है।

# डॉ. अभिषेक पल्लव ने सुदूर वनांचल के 130 विद्यार्थियों को भरवाया ओपन परीक्षा फार्म

### एसपी ने विद्यार्थियों के घर से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए किया निःशुल्क वाहन व्यवस्था

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। शिक्षा विकास का मुख्य आधार है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के निर्देशन में सुदूर वनांचल, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ते हुवे ओपन परीक्षा का फार्म भरवाया जा रहा है।



आज थाना रेंगाखार अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम लावा, बेरला, खमराहा, पंडरीपानी, बम्हनी, चोरहबरा, थाना कुकदुर, झालमला, तारेगाव, बैजलपुर, चिल्फी, बोडला और थाना सिघनपुरी जंगल अंतर्गत 130 विद्यार्थियों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात किया। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने सभी विद्यार्थियों के ओपन परीक्षा फर्म भरवाने संबंधित आधिकारी को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने विद्यार्थियों के घर से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए वहान की भी व्यवस्था भी किया गया है। वनांचल वासियों ने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक को इस सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र, अति नक्सल प्रभावित ग्रामों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार पढाई के लिए प्रेरित एवं सहयोग किया जा रहा है। शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए सुदूर वनांचल के नक्सल प्रभावित ग्राम सौरू, ग्राम पंडरीपथरा, ग्राम बंदूकुंदा, ग्राम झुरगीदादर, ग्राम मांदीभाठा, ग्रा सुरूतिया, बगईपहाड़, तेंदूपड़ाव में अस्थायी रूप से क्लास लगाई जा रही है। प्राथमिक शाला कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबीरधाम पुलिस के द्वारा प्रारंभ किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के बाद वनांचलवासी स्वयं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव से मुलाकात कर रहे है।

# आगामी नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण किया जाएं, जिससे आमजन को इसका लाभ मिल सके : गौतम भादुड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार सिविल, क्रिमीनल, लैण्ड इक्वीजिशन, सीनियर सीटिजन, फैमिली कोर्ट के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) में लंबितं आमजन के रोजमर्रा से जुड़े हुए मामले, प्री-लिटिगेशन के मामलों इत्यादि राजीनामा योग्य प्रकरणों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में निराकृत किये जाएं, ताकि आमजन को इसका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।



उक्त निर्देश छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के द्वारा समस्त जिलों के जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, सचिव, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के चेयरमेन, सी.जे.एम. एवं लेबर कोर्ट जज के साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से विडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये आयोजित बैठक में दिये गये।

उनके द्वारा पिछली नेशनल लोक अदालत दिनांक 9-9-2023 में जिला न्यायालयों के द्वारा निराकृत किये गये 42082 लंबित मामलों की संख्या का जिक्र करते हुए उसमें और अधिक बढ़ोत्तरी किये जाने के लिए निर्देशित करते हुए प्री-लिटिगेशन के द्वारा मामलों को अधिक से अधिक सख्या में निराकृत करने हेतु जोर देते हुए कहा कि इससे न्यायालयों में मामलों को आने से बचाया जा सकता है तथा प्रकरण संस्थित होने के पूर्व ही निराकृत हो जाते है जिससे पक्षकार भी अनावश्यक रूप से न्यायालयीन कार्यवाही से बच जाता हैं।

इसके अलावा उनके द्वारा सभी जिला न्यायाधीशों से न्यायिक अधिकारियों की समय समय पर बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

उपरोक्त विडियो कान्फ्रेसिंग बैठक में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल के द्वारा समस्त न्यायाधीशगणों से फैमिली कोर्ट के मेटर, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण एवं मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण तथा राजीनामा योग्य सभी प्रकार के सिविल व आपराधिक ऐसे प्रकरण जो 05 या 10 वर्ष से लंबित हैं, को चिन्हांकित करते हुए उनका अधिक से अधिक संख्या में निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किये जाने के लिए निर्देशित किये गये।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# राज्य दिवस पर भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ की संस्कृति ने किया मंत्रमुग्ध

**नई दिल्ली के प्रगति मैदान के एम्फीथिएटर में छत्तीसगढ़ दिवस समारोह देखने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 में प्रगति मैदान में यह शाम छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति से भरी शाम थी। छत्तीसगढ़ दिवस समारोह के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने यहां एम्फीथिएटर में अपनी प्रस्तुतियों से सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में छत्तीसगढ़ रेजिडेंट कमिश्नर श्रुति सिंह मुख्य अतिथि थीं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने छत्तीसगढ़ मंडप का दौरा किया और शिल्पकारों और कारीगरों से बातचीत की।




छत्तीसगढ़ पैवेलियन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के 42वें संस्करण में हथकरघा और हस्तशिल्प सहित अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहा है। इस वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' को दर्शाते हुए 300 वर्ग फुट के क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए कुल 10 स्टॉल लगाए गए हैं। मंडप राज्य की प्रगति को प्रदर्शित कर रहा है । यहां प्रत्येक क्षेत्र की विशेषता के अनुसार उनके औद्योगिक, कृषि, हर्बल और हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ पवेलियन का आयोजन प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2, प्रथम तल पर किया गया है।

आज प्रगति मैदान के एम्फीथिएटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक दलों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने बस्तर की कुल देवी की आराधना हेतु नृत्य आमचो बस्तर की प्रस्तुति को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। ददरिया गीत भी प्रस्तुत किया गया। भोजली नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे दर्शकों पर जादू कर दिया। समूह द्वारा हरेली त्यौहार के अवसर पर विशेष रूप से किये जाने वाले 'गौर नृत्य' एवं 'गेड़ी नृत्य' का प्रदर्शन किया गया।

महिला कलाकारों के समूह ने विशेष रूप से दिवाली उत्सव के दौरान किया जाने वाला लोक नृत्य 'सुआ नाचा' या तोता नृत्य दिखाया। यह पूजा से संबंधित नृत्य का एक प्रतीकात्मक रूप है। नर्तक एक तोते को बांस के बर्तन में रखते हैं और उसके चारों ओर एक घेरा बनाते हैं। फिर कलाकार ताली बजाते हुए उसके चारों ओर घूमते हुए गाते और नृत्य करते हैं। यह छत्तीसगढ़ की आदिवासी महिलाओं के प्रमुख नृत्य रूपों में से एक है।

पुरुष कलाकारों के समूह ने सतनामी समाज के सबसे लोकप्रिय अनुष्ठानों में से एक लोक नृत्य 'पंथी' नृत्य दिखाया। समूह के नेता के नेतृत्व में एक गीत की संगत में धीमी गति के साथ नृत्य शुरू हुआ। धीरे-धीरे गति बढ़ती गई और एक मनमोहक वातावरण बन गया। जिसे वहाँ उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

# 12 दिनों में ही 1400 रुपये महंगा हुआ सोना, शादी सीजन में और बढ़ने लगी कीमत



**रायपुर (ए)।** त्योहारी सीजन में जहां दोनों कीमती धातुओं में गिरावट थी और उपभोक्ताओं द्वारा जबरदस्त खरीदारी की जा रही थी। अब शादी सीजन में 12 दिनों में ही सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी आ गई है और सोना 1400 रुपये महंगा हो गया है।

रायपुर सराफा बाजार में गुरुवार 23 नवंबर की शाम को रायपुर सराफा बाजार में सोना प्रति दस ग्राम (स्टैंडर्ड) 63,200 रुपये और चांदी प्रति किलो 74,100 रुपये रही। इससे पहले 11 नवंबर को सोना प्रति दस ग्राम (स्टैंडर्ड) 61,800 रुपये और चांदी प्रति किलो 72,800 रुपये थी।

सराफा विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में दोनों कीमती धातुओं में ऐसा ही रुख देखने को मिलेगा। विशेषकर सोने की कीमतों में और तेजी आ सकती है क्योंकि अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार के प्रभाव के साथ ही शादी सीजन के चलते बाजार में मांग भी काफी ज्यादा है।

सराफा संस्थानों में इन दिनों आभूषणों की परंपरागत रेंज के साथ ही नई फैशनेबल गहने भी उपलब्ध है। आभूषणों में ही दक्षिण भारत के मंदिरों की जबरदस्त नक्काशी है। साथ ही गहनों की लाइटवेट रेंज भी उपलब्ध है, इसे काफी पसंद किया जा रहा है। सराफा संस्थानों में इन दिनों ग्राहकों की भीड़ देखी जा सकती है। ग्राहकों को लुभाने बनवाई में छूट का ऑफर भी दिया जा रहा है।

# पीएमश्री के दूसरे चरण में सिर्फ 10 स्कूलों का चयन, यूडाइस कोड बना बाधा

**रायपुर (ए)।** प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना के तहत दूसरे चरण के लिए सिर्फ 10 स्कूलों का चयन किया गया है। समग्र शिक्षा विभाग की तरफसे स्कूलों का चयन कर मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा दिया गया है। पीएमश्री योजना के तय मापदंड के अनुसार प्रदेश में सिर्फ 10 स्कूल ही मिले हैं। पीएमश्री में शामिल करने के लिए पहली से 10वीं कक्षा अथवा 12वीं तक के स्कूलों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन यूडाइस के स्कूल प्रदेश में कम हैं। जो हैं भी वे पहले से राज्य सरकार की तरफसे संचालित स्वामी आत्मानंद योजना में शामिल कर लिए गए हैं।



### 211 स्कूलों का चयन किया गया था

पीएमश्री योजना के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के 211 स्कूलों का चयन किया गया था। इनमें सबसे ज्यादा 193 प्राइमरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में शिक्षा सत्र 2023-24 से ही विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सुविधाएं मिलेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने चुनिंदा 228 स्कूलों को पीएमश्री योजना में शामिल करने के लिए दावेदारी की थी, मगर इनमें 17 स्कूलों का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। इन स्कूलों में प्रति कक्षा मानक के हिसाब से यदि 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है तो करीब 50 हजार हजार विद्यार्थियों को दाखिला मिलेगा। यहां अध्ययन-अध्यापन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

पीएमश्री स्कूलों के डेवलपमेंट के लिए केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से राशि की प्रथम किस्त मिल चुकी है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई है। आचार संहिता हटने के बाद यानी तीन दिसंबर के बाद इन स्कूलों को प्रथम किस्त जारी की जाएगी। पीएमश्री योजना का मुख्य उद्देश्य भारत के पुराने स्कूलों को अपग्रेड करके स्मार्ट और आधुनिक स्कूल में बदलना है। इसी तरह पीएमश्री स्कूल को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सौर पैनल और एलईडी लाइट, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण और संचयन पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित परंपराओं को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही यहां स्मार्ट क्लास, लैब, डिजिटल लाइब्रेरी और खेल सुविधाओं जैसे आधुनिक संसाधन भी होंगे।

### यूडाइस कोड की दिक्कत

पीएमश्री योजना में स्कूलों का चयन यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडाइस) कोड के हिसाब से होता है। हर स्कूल का एक यूडाइस कोड होता है। राज्य में पहली से पांचवीं, छठवीं से आठवीं और 9वीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूलों का अलग-अलग यूडाइस कोड है। कक्षा एक से 12वीं और छठवीं से 12वीं यूडाइस के ज्यादा स्कूल नहीं होने के कारण पीएमश्री में चयनित नहीं हो पाए हैं। पीएमश्री योजना में शामिल सभी स्कूलों के नाम से पहले भी पीएमश्री लगेगा। कुछ स्कूलों में पीएमश्री लिखा जा चुका है। फिलहाल 2027 तक के लिए यह योजना लागू होगी। राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से स्कूलों को विकसित किया जा रहा है।

### शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

समग्र शिक्षा विभाग पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। शिक्षकों को पीएमश्री के तहत होने वाले बदलावों के बारे में जानकारी दी जा रही है। शिक्षकों से स्कूलों में जरूरी मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी भी जुटाई जा रही है। प्रथम किस्त की राशि से होने वाले कार्यों के बारे में भी बताया जा रहा है।

**रायपुर में होने वाले मैच के लिए आज से शुरू हो गई टिकटों की बिक्री**

# विद्यार्थियों को एक हजार रुपये में मिलेगी टिकट

**रायपुर (ए)।** शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में भारत-आस्ट्रेलिया के बीच एक दिसंबर को होने वाले चौथे टी-20 मुकाबले के टिकट की बुकिंग शुक्रवार सुबह 11 बजे से पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर एप पर शुरू हो गई। सबसे कम कीमत वाला टिकट 1,000 रुपये का है जो सिर्फ विद्यार्थियों के लिए रखा गया है।



छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह, संयुक्त सचिव जीएस मूर्ती, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ पाठक, मीडिया प्रभारी तरुणेश सिंह परिहार और पूर्व कोषाध्यक्ष और सदस्य विजय शाह ने गुरुवार को स्टेडियम में आयोजित पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैच के लिए स्टेडियम को संवारने का काम भी तेज कर दिया गया है। जुबिन शाह ने बताया कि बुकिंग के बाद इनडोर स्टेडियम से टिकट प्राप्त किया जा सकेगा। हालांकि इसके लिए अभी तारीख तय नहीं की गई है।

### नहीं रहेगी कुरियर की सुविधा

इससे पहले भारत-न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मैच में टिकट कुरियर के जरिए पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन समय कम होने के कारण इस बार ऐसा नहीं किया गया है।

### टावर लगाने की तैयारी

मैच के दौरान भीड़ की वजह से नेटवर्क की समस्या होती है। ऐसे में अस्थायी रूप से टावर लगाने की भी बात कही जा रही है। इससे खेलप्रेमियों को नेटवर्क की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### सात सौ पुलिस बल की तैनाती

भारत-आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले मैच में पुलिस के 700 जवान तैनात रहंगे। गुरुवार को पुलिस के अधिकारियों ने क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों से स्टेडियम में मुलाकात की। इस दौरान सुरक्षा से संबंधित चर्चा की। स्टेडियम के सभी गेटों में जल्द ही बैरिकेड लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# जो कार्य पुरुषार्थ-भाग्य से नहीं हो पाता, वह आशीर्वाद से हो जाता हैः प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि जीवन में कई बार हम आत्म संयम का प्रयास करते हैं, लेकिन प्राय: असफल हो जाते हैं। न आंखों पर संयम रह पता है, न जुबान पर, और न ही मन पर। लेकिन यह सोचो कि परमात्मा ने कैसे संयम रखा? अगर उनके जीवन को देखें तो हमारे जीवन से अधिक तूफान उनके जीवन में आए। उनके जीवन में आए तूफान के सामने हमारे जीवन के तूफान तो चाय की प्याली में आये तूफान के समान हैं। इतने भयंकर तूफानों के बीच भी महावीर ने कैसे संयम रखा, सुधर्मा स्वामी पुच्छिंसुणं (वीर स्तुति) में इसका राज खोलते हैं। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी।

गुरुवार को वीर स्तुति आराधना के 9वें व अंतिम दिवस धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रवर ने कहा कि चार प्रकार की फिलॉसॉफी (तत्त्वज्ञान) है। जीवन में प्राय: जो समस्या आती है वह चार प्रकार से आती हैं। और इन समस्याओं का समाधान जानना है तो आपको यह समझना पड़ेगा कि किस समस्या पर कौन सी फिलॉसॉफी लागू होगी। हम प्रयास करते है कि एक फिलॉसॉफी सारी बातों पर लागू हो जाए, लेकिन एक फिलॉसॉफी सभी समस्याओं पर लागू नहीं होती है, सभी के लिए अलग अलग फिलॉसॉफी है। हमारे फेल होने का सबसे बड़ा कारण यही है। उपाध्याय प्रवर ने कहा कि कुछ बातें हमारे नियंत्रण में रहती हैं, कुछ नहीं। कुछ बातों का समाधान कृपा से होता है, लेकिन हर बात का समाधान कृपा से नहीं होता है। वहीं कुछ बातों का समाधान अज्ञान से होता है।



उपाध्याय प्रवर ने कहा कि हम दो बातें जानते हैं, एक पुरुषार्थ और दूसरा भाग्य। कई बातें ऐसी हैं जो पुरुषार्थ और स्वयं से भाग्य से भी नहीं होती हैं, लेकिन वह आशीर्वाद से हो जाती हैं। पुरुषार्थ और भाग्य के साथ कृपा भी जरुरी है। और कई बातें कृपा से संपन्न होती हैं। जीवन में कई बातें है जो आप करोगे तो ही होंगीं, तपस्या आप करोगे तो ही होगी, सामायिक आप करोगे तो ही होगी, साधना आप करोगे तो ही होगी, धर्म आप करोगे तो ही होगा। कोई दूसरा आपके लिए आपका धर्म नहीं कर सकता। प्रवचन आपको खुद सुनाना पड़ेगा। आप गाड़ी के लिए ड्राइवर रख सकते हैं, लेकिन जीवन का ड्राइवर आपके अलावा और कोई दूसरा नहीं हो सकता।

उपाध्याय प्रवर ने क्रिया और अक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि कुछ बातों का समाधान क्रिया से होता है, और कुछ बातों का समाधान अक्रिया से। जैसे हमें भूख लगती है तो हम खाना खाते हैं, यह क्रिया है। लेकिन जब हमें नींद आती है तो क्या करते हैं? अगर कुछ करेंगे तो नींद नहीं आएगी। भूख क्रिया है और नींद अक्रिया है। वैसे ही ध्यान भी अक्रिया है, इसमें न बोलना है, न चिंतन करना है, काया को भी सक्रिय नहीं करना है। कई बार किसी बड़े को जैसे गुरु, परमात्मा या किसी वरिष्ठ को राजी करना हो तो वहां क्रिया-अक्रिया नहीं समर्पण और विनय काम में आता है। लेकिन हर जगह विनय काम में नहीं आएगा। विनय की सीमा है, यदि कृपा प्राप्त करनी हो तो विनय से काम लेना चाहिए।

कई बार हमारे जीवन में ऐसा होता है कि नहीं जानना भी हमें समाधान दे देता है। कई बातें ऐसी होती हैं जिसे जानने का प्रयास नहीं करने से समाधान हो जाता है। लेकिन जिस बात को जानने से मन में अंधकार फैल जाए उस बात को नहीं जानना बेहतर है। वही बात जानने की कोशिश करें जिसके जानने के बाद उजियारा हो जाए। जिस बात को जानने से समाधान नहीं होता है, उस बात को जानने का प्रयास मत करें। कुछ बातें छिपी हुई ही ठीक हैं, उन्हें नहीं जानने में ही शांति है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# ब्लैक बॉडीकॉन आउटफिट पहन नेहा मलिक कैमरे के सामने हुई बोल्ड सिजलिंग अदाओं से खींचा फैंस का ध्यान

**खेसारी लाल यादव की हीरोइन नेहा मलिक का लुक आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होता रहता है। उनका बोल्ड एंड ब्यूटिफुल अंदाज देख यूजर्स के होश उड़ जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट दुबई वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी सेक्सी अदाएं देखकर फैंस का दिल मचल गया है। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने हॉट और सिजलिंग लुक से इंटरनेट पर बवाल मचाती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ब्लैक बॉडीकॉन शॉर्ट ड्रेस में फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। नेहा मलिक अपने इस लुक में काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके इस लुक की तारीफ कर रहे हैं।**

बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन अपने बोल्ड एंड स्टनिंग अवतार से लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। नेहा मलिक अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने बोल्ड लुक्स के लिए मशहूर हैं।

हालांकि फैंस भी उनके फैशन स्टेटमेंट्स को देखकर काफी टिप्स लेते हैं। इन दिनों नेहा मलिक अपना वेकेशन दुबई में एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने कैमरे के सामने अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और सटल बेस लुक में मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने इस लुक को बेहद खूबसूरत तरीके से निखारा है।

# झनक में अर्शी के किरदार के लिए मैंने तुरंत हामी भर दी: चांदनी शर्मा



एक्ट्रेस चांदनी शर्मा अपकमिंग शो झनक में अर्शी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साझा किया कि वह आखिरी व्यक्ति थीं, जिन्हें अन्य स्टार कलाकारों के बीच शो के लिए चुना गया था। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया।

शो में, हिबा नवाब मुख्य नायक के रूप में क्रुशाल आहूजा उर्फ अनिरुद्ध के साथ झनक की मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी और चांदनी अर्शी का किरदार निभाएंगी।

अपनी कास्टिंग के बारे में बात करते हुए, चांदनी ने साझा किया- मुझे लगता है कि अन्य लोगों के अलावा मैं शो के लिए चुनी जाने वाली आखिरी व्यक्ति थी। जब मुझे अर्शी के किरदार के बारे में बताया गया, तो मुझे इसमें दिलचस्पी हुई और मैंने तुरंत इसे स्वीकार करने का फैसला किया और मुझे अर्शी की भूमिका के लिए फाइनल कर लिया गया। इश्क में मरजावां 2 फेम एक्ट्रेस ने आगे अपने किरदार के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि अर्शी आज की जनरेशन की लड़की है। महत्वाकांक्षी होने के कारण वह भरोसेमंद होगी।

उन्होंने कहा, अर्शी के किरदारों में कई परतें हैं, और हर स्थिति के साथ, दर्शकों को अर्शी की विभिन्न भावनाओं को देखने का मौका मिलेगा। असल जिंदगी में अर्शी और मैं एक जैसे हैं, हम दोनों महत्वाकांक्षी हैं और डांस को लेकर जुनूनी हैं। मैं एक निश्चित स्तर पर अर्शी से जुड़ी हुई हूं, आपको उन गुणों और भावनाओं को भी चित्रित करने का मौका मिलता है जो वास्तविक जीवन में आपके पास नहीं हैं। झनक एक युवा लड़की की कहानी है जो एक डांसर बनने का सपना देखती है। वह कई कठिनाइयों से होकर अपनी यात्रा तय करती है। लीना गंगोपाध्याय द्वारा निर्मित यह शो 20 नवंबर से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

## फुकरे 3 ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

फुकरे फ्रैंचाइजी ने अपनी दो सफल फिल्मों से एक अपने लाखों फैंस का दिल जीत लिया हैं। अब फैंस फुकरे 3 से भी उतनी ही उम्मीद लगाए बैठे हैं। मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित, फिल्म में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, पंकज त्रिपाठी सहित कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं। अब यह फिल्म आखिरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है।




पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा की एहम किरदार वाली फुकरे 3 अपनी रिलीज के लगभग दो महीने बाद, आज स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। कुछ समय पहले, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेज़ॅन प्राइम वीडियो ने अपने फैंस और फॉलोअर्स को फिल्म की ओटीटी रिलीज के बारे में अपडेट करने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट साझा की थी। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, शरारत, अराजकता, अप्रत्याशित मोड़ और हंसी - फुकरे यहां हैं #फुकरे3ऑनप्राइम, अभी देखें।

# कानों की इन समस्याओं के लिए हेडफोन और इयर फोन नहीं, ये आदत है जिम्मेदार

संगीत एक चिकित्सा है, एक थेरपी है, जो हमारे तनाव को दूर कर हमें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है। जब भी कभी हमारा मूड खराब होता है तो हमारे फ्रेंड्स भी हमें फेवरिट म्यूजिक सुनने की सलाह देते हैं। क्योंकि म्यूजिक हमारे ब्रेन को रिलैक्स कर हैपिनेस बढ़ाने का काम करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर इस म्यूजिक को इंजॉय करने के लिए आप लंबे समय तक हेड फोन और इयर फोन का इस्तेमाल करते हैं तो आपको ब्रेन रिलैक्सेशन के साथ ही कई दूसरी बीमारियां और परेशानियां मिल सकती हैं...



### साउंड की लिमिट का ध्यान रखें

आपको हेडफोन या इयर फोन इस्तेमाल करते समय म्यूजिक साउंड का जरूर ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि ऐक सीमा से अधिक लाउड आवाज में लगातार म्यूजिक सुनने पर ना केवल कानों की सेहत को नुकसान पहुंचता है बल्कि दिमाग पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। म्यूजिक साउंड से जुड़ी एक स्टडी के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति एक दिन में एक घंटे से अधिक लाउड साउंड यानी कि कानों की श्रवण क्षमता के हिसाब से 80 डेसिबल्स या उससे अधिक आवाज पर हेडफोन और इयर फोन पर संगीत सुनता है तो उसके बहरे होने के चांसेज कई गुना बढ़ जाते हैं।

### इयर फोन और हेड फोन नहीं यह है दिक्कत

कई लोगों को इयर फोन और हेडफोन में अंतर को लेकर कंफ्यूजन रहता है। दरअसल, हेडफोन का इस्तेमाल करते समय हम कानों पर इसे बाहर से यूज करते हैं और इयर फोन को कानों के अंदर डालकर यूज करते हैं। लेकिन हमारी सेहत के लिए हेडफोन या इयर फोन का यूज हानिकारक नहीं है बल्कि इनके द्वारा तेज आवाज में लगातार म्यूजिक सुनना हमारे स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव डालता है।

### होती हैं कई परेशानियां

इनके अधिक प्रयोग से ना केवल हमारी सुनने की क्षमता प्रभावित होती है बल्कि कई बार बहरेपन की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है। साथ ही कानों के सुन्न होने की समस्या, कानों में दर्द रहना, सिर में भारीपन रहना, नींद आने में दिक्कत होना, दिमागी रूप से थकान महसूस करना, कानों में इंफेक्शन होना या कानों में हर समय शोर सुनाई देते रहने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए हेडफोन और इयरफोन का उपयोग करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आप लाउड साउंड पर इनका इस्तेमाल ना करें।

# हिचकी है आपके लिए आफत या राहत

वैसे तो हिचकी आना एक नैचरल प्रोसेस है और ये कभी भी और किसी को भी आ सकती है। लेकिन अगर हिचकी लंबे समय तक जारी रहे और बंद ही ना हो तो पीड़ित व्यक्ति को खीझ आने लगती है और वह हिचकी से छुटकारा पाने के लिए हर संभव कोशिश करने लगता है। आज हम आपको बता रहे हैं हिचकी कितने तरह की होती है, आखिर क्यों आती है हिचकी और कुछ आसान घरेलू नुस्खे जो हिचकी आने पर आपके काम आएंगे...



### तो इसलिए आती है हिचकी

मेडिकल शब्दों में बात करें तो जब हमारे शरीर का डायफ्राम यानी मध्यच्छद झिल्ली सिकुड़ती है तो हमारे वोकल कॉर्ड्स यानी लैरिंग्स बंद हो जाते हैं जिससे हिचकी की आवाज आती है। हिचकी मुख्य रूप से 3 तरह की होती है-तेज हिचकी- 48 घंटे से कम समय के लिए रहती हैनिरंतर हिचकी- 2 दिन से ज्यादा समय के लिए रहती हैप्रचंड हिचकी- 1 महीने या इससे ज्यादा समय के लिए रहती है

### इन वजहों से आती है हिचकी

कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का सेवन करना, बहुत ज्यादा ऐल्कॉहॉल पीना, अगर व्यक्ति आंत या भोजन नलिका से जुड़ी बीमारी से पीड़ित हो, बहुत ज्यादा सोडा पीना, डायफ्राम को कंट्रोल करने वाली नसों से जुड़ी कोई बीमारी हो, पेट में गैस हो गई हो जो डायफ्राम को दबा रही हो. इन सारी वजहों से भी हिचकी आती है।

### हिचकी को आने से कैसे रोक सकते हैं

लंबे समय तक हिचकी आती रहे तो आपकी नींद और खाना खाने का पैटर्न डिस्टर्ब हो जाता है जिस वजह से डिहाइड्रेशन और वेट लॉस तक की दिक्कत हो सकती है। लिहाजा, तापमान में अचानक होने वाले बदलाव से बचें, बहुत ज्यादा ठंडे पानी से गार्गल करने से बचें और बहुत ज्यादा जल्दी और तेजी से खाना खाने से बचें। इन चीजों पर नियंत्रण कर आप हिचकी को रोक सकते हैं।

### हिचकी के लिए घरेलू नुस्खे आजमाएं

■1 गिलास पानी पिएं लेकिन जल्दी-जल्दी ताकि डायफ्राम में होने वाली इरिटेशन को रोका जा सके।


■1 चम्मच चीनी खा लें। ऐसा करने से वेगस नर्व उत्तेजित हो जाती है और आपका शरीर हिचकी को भूल जाता है।

■नींबू के रस का सेवन करें। इससे भी पेट में मौजूद ऐसिड न्यूट्रलाइज होता है और हिचकी रुक जाती है।

■जीभ पर 1 बूंद विनिगर की डालें। विनिगर भी खट्टा होता है और हिचकी को रोकता है।

■बेहद धीरे-धीरे और कंट्रोल्ड तरीके से सांस लें और इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराएं।

■सांस छोड़ते वक्त आगे की ओर झुक जाएं और अपनी छाती को थोड़ा कम्प्रेस कर लें, इससे भी हिचकी रुक जाएगी।



# सर्दियों में खाएं ये चीजें तो रहेंगे सेहतमंद

मौसम करवट बदल रहा है। अब गर्मी से राहत मिलने लगी है और सर्दियों का आगमन होने लगा है। सर्दियों के मौसम में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। सर्दी से बचने के लिये केवल गर्म कपड़े ही काफी नहीं है। बल्कि जरूरी है कि शरीर में अंदरूनी गर्माहट बनी रहे जिस के लिये हमें अपने खान पान का ध्यान रखना अति आवश्यक है। अगर हमारा आहार पौष्टिक और शरीर को गर्माहट देने वाला होगा तो हमारी सेहत भी ठीक रहेगी व हम अपने शरीर को सर्दी से होने वाले संक्रमण से भी बचा सकते हैं। ज्यादातर लोगों के साथ यह परेशानी होती है की सर्दी जुखाम, खासी की गिरफ्त में जल्दी ही आ जाते हैं। इसका कारण इम्युनिटी सिस्टम का कमजोर होना भी होता है सर्दियों में खास तौर पर बच्चों का ध्यान अधिक रखना होता है। सर्दियों के मौसम में हमें सामान्य से 500 कैलोरी अधिक लेनी चाहिये क्योंकि हमारा मेटाबोलिज्म रेट बढ़ जाता है जिस कारण हमें ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हर मौसम में मौसमी सब्जी, फल, नट्स अपनी एक अलग अहमियत रखते है। सर्दियों में हमारा रक्त संचार धीमी गति से होता है, जिस कारण ब्लड ब्लड प्रेशर की समस्या हो जाती है। इससे निबटने के लिये जरूरी है कि खान पान का अधिक ध्यान रखा जाये।

### रोजाना खाये गुड़

गुड़ की तासीर गर्म होती है जिससे शरीर का तापमान ठीक रहता है इसमें कैल्शियम व मैग्नीशियम तत्व पाए जाते हैं जो हड्डियों के साथ मांसपेशियों व नसों की थकान को दूर करता है। गुड़ खाने से पाचन तंत्र तंदरुस्त रहता है डायबिटीज के शिकार लोग चीनी की जगह मीठे के रूप में गुड़ खा सकते हैं क्योंकि यह नैचुरल शुगर है।

### बाजरा व मक्का करें डाइट मे शामिल

बाजरा न केवल ऊष्मा देता है बल्कि यह एक बहुत पौष्टिक आहार है। यह हमारे रक्त मे कोलेस्ट्रौल के स्तर को संतुलित रखता है यह रोटी खिचड़ी पुलाव के रूप मे खाया जाता है वहीं मक्का डायबेटिज के मरीजों के लिये बहुत लाभदायक होता है इसमें विटामिन ए, बी व पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसे रोटी , सब्जी ,स्वीट कौर्न व पौप कौर्न के रूप मे खाया जाता है।

### मूंगफली खाकर हड्डियां करें मजबूत

मूंगफली मे कैल्शियम और विटामिन डी होता है जो कि हड्डियों को कमजोर नहीं होने देता। इसके सेवन से कोलेस्ट्रौल का स्तर सही रहता है व खून की कमी नहीं होने देता। रोजाना सेवन से पाचन तंत्र ठीक रहता है मूंगफली का तेल जोड़ो की मालिश के लिये बहुत लाभदायक होता है। मूंगफली खाते समय उसका लाल छिलका उतार कर खाएं व खाने के बाद आधा घंटे तक पानी न पिये। क्योंकि छिलके समेत खाने से खांसी की समस्या हो सकती है।

### सरसों का साग खाएं

सर्दियां हो साग नहीं खाया तो क्या सर्दियों का क्या मजा आया। जी हां साग स्वादिष्ट तो होता ही है और पौष्टिक भी सरसों के साग में कैल्शियम और पोटाशियम मौजूद होता है जो कि हड्डियों को मजबूती देता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 18 ट्रेनें रद्द, कई ट्रेनों का बदला रूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला जारी है। रेलवे द्वारा जनवरी से फरवरी के बीच कई ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ से चलने वाली करीब 24 ट्रेनें रद्द रहेंगी और कुछ ट्रेनों का रूट बदला जा रहा है। रेल मंडल रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के आगरा रेल मंडल के पलवलङ्कमथुरा सेक्शन में मथुरा यार्ड का आधुनिकीरण का कार्य किया जायेगा । यह कार्य 27 नवम्बर, 2023 से 23 मार्च, 2024 तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी ।



## रद्द होने वाली ट्रेनें

दिनांक 11, 18 एवं 25 जनवरी, 2024 को अम्बिकापुर से चलने वाली 04043 अम्बिकापुर-निज़ामुद्दीन स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 09, 16, 23 एवं 30 जनवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 04044 निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 23 एवं 30 जनवरी, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 25 जनवरी, 2024 एवं 01 फरवरी, 2024 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से चलने वाली 12550 शहीद कैप्टन तुषार महाजन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 09, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24, 25, 27, 28, 30 एवं 31 जनवरी, 2024, 01, 03, 04 फरवरी, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 12807 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 11, 12, 13, 15, 16, 18, 19, 20, 22, 23, 25, 26, 27, 29 एवं 30 जनवरी, 2024, 01, 02, 03, 05, 06 फरवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 11 जनवरी से 05 फरवरी, 2024 तक सिवनी से चलने वाली 14623 सिवनी-फिरोजपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 12 जनवरी से 06 फरवरी, 2024 तक फिरोजपुर से चलने वाली 14624 फिरोजपुर-सिवनी एक्सप्रेस रद्द रहेग ।

दिनांक 21 जनवरी से 04 फरवरी, 2024 तक कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2024 तक अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 19, 20, 23, 26, 27, 30 जनवरी, 02, 03 फरवरी, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 21, 24, 27, 28, 31 जनवरी, 03, 04, 07 फरवरी, 2024 को अमृतसर से चलने वाली 20808 अमृतसर-विशाखापटनम हीराकुंड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 24 एवं 31 जनवरी, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 25 जनवरी एवं 01 फरवरी, 2024 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से चलने वाली 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 26 एवं 30 जनवरी एवं 02 फरवरी, 2024 को दुर्ग से चलने वाली 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 27, 31 जनवरी एवं 03 फरवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 24, 25, 26, 27, 29 31 जनवरी एवं 01, 02, 03, 05, 07 फरवरी, 2024 को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 22, 23, 24, 25, 27, 29, 30, 31 जनवरी एवं 01, 03, 05 फरवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# मतगणना संबंधी कार्य के लिए प्रशिक्षण आयोजित

**प्रशिक्षण में मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से दी जानकारी**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जांजगीर-चांपा, सक्ती एवं कोरबा जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (समस्त), मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु मास्टर ट्रेनर्स एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी एवं प्रोग्रामर को नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स (एन.एल.एम.टी.) श्रीकांत वर्मा, उज्जवल पोरवाल एवं सहायक प्रोग्रामर भूपेन्द्र सिंह द्वारा आज जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में मतगणना प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 03 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स (एन.एल.एम.टी.) द्वारा मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है, इस जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के पूर्व तैयारी, मानव संसाधन व आवश्यक संसाधन की व्यवस्था, डाक मतपत्र की गणना, ईव्हीएम मशीन से मतगणना की व्यवस्था, मतगणना साफ्टवेयर, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था, मतगणना केन्द्रों पर आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे,सर्व रिटर्निंग अधिकारी, एआरओ, नोडल अधिकारी सहित सक्ती एवं कोरबा के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खास खबर

### सिरजन लोक कला महोत्सव 8 दिसम्बर को

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति परंपरा को बचाने और छत्तीसगढ़ी बोली भाखा संरक्षण में जिला गरियाबंद के लोक कलाकार और साहित्यकारों की अहम भूमिका निभाई जा रही है जो पूरे दस वर्षों का सफर तय कर चुका है।उल्लेखनीय है कि इसके लिए यहां के कर्मठ ऊर्जावान कलाकार और साहित्यकारों की लगभग 22लोककला दलों का गठन कर स्वयं चंदा एकत्रित कर लोक कला महोत्सव के आयोजन में विलुप्त हो रही पंथी पंडवानी भरथरी बांसगीत डण्डागीत सुआगीत राऊत नाचा गम्मत और लोक गीत नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुति के अलावा नवोदित और पुराने कलाकारों का सम्मान भी करती है।सिरजन संगठन के जिला संस्थापक गौकरण मानिकपुरी ने बताया कि उक्त संदर्भ में कल 21नवम्बर मंगलवार को कोपरा में बैठक रखा गया,जिसमें सिरजन महोत्सव दिसम्बर माह के 8 तारीख को निश्चित किया गया है जो नगर के स्थानीय बोल बम कांवरिया संघ और जिला सिरजन के संयुक्त तत्वावधान में होना तय किया गया है। जिसकी तैयारी में सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था के प्रमुख और बोल बम कांवरिया समिति कोपरा के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।इस महती बैठक में कार्यक्रम के संयोजक नारायण साहू सिरजन के संरक्षक साहित्यकार नूतन लाल साहू संस्थापक गौकरण मानिकपुरी अध्यक्ष सेवक ठाकुर सचिव यश कुमार साहू उपाध्यक्ष गंगा बाई मानिकपुरी कोषाध्यक्ष चैतू तारक संयोजिका खेमबाई निषाद ब्लाक पदाधिकारी में गरियाबंद से गिरवर ध्रुव छुरा से पवन कुमार घृतलहरे फिंगेश्वर ब्लाक ईकाई प्रमुख तुलेश्वर घृतलहरे सहित अन्य कलाकार प्रमुख में चुम्मन सिन्हा डगेश्वर यादव शंभू राम टोंडरे माखन लाल खेलावन पटेल विजय कुमार पटेल ठाकुर राम साहू दौलत यादव नथेल दास मानिकपुरी जयसिंह दीवान यमुना साहू भादू दास मानिकपुरी मणी राम कंवर लीला बाई कंवर बिसन कंवर आदि उपस्थित थे।

### राजस्व प्रकरण हुआ सुस्त, सुनवाई नहीं होने से चार हजार से अधिक प्रकरण लंबित

**कोरबा।** आचार संहिता लागू हैं, तीन दिसंबर को मतगणना होनी है। इसके बाद नई सरकार के गठन होने के बाद ही राजस्व विभाग के कामकाज में तेजी आएगी। ऐसे में एक से से डेढ़ महीने का और इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में पक्षकार और उनके अधिवक्ता परेशान हो रहे हैं। कई मामले हैं जिनमें सुनवाई पूरी हो चुकी है, सिर्फ आदेश जारी होना शेष है। पक्षकार ऐसे मामलों में जल्द निर्णय करने की मांग कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुकी है। तीन दिसंबर को मतगणना होनी है। इसके पहले दो महीने से अधिकारी चुनाव की तैयारियों में व्यस्त रहे। लंबे समय से प्रकरणों की सुनवाई नहीं होने से चार हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। इन चार हजार प्रकरणों में करीब 1600 प्रकरण बीते छह महीने में सामने आए हैं। चुनाव के ठीक पहले आए नए प्रकरणों की सुनवाई तो शुरु ही नहीं हो सकी है। इनमें कुछ में एक-दो सुनवाई हुई है, लेकिन ज्यादातर अधर में लटके हुए हैं।

# सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में आयोजित की जा रही सिनियर राष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मैचेस प्रारंभ हो गये है। मैचेस शुरू होने के पहले व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के नये अध्यक्ष वरूण एहलावत सहित पदाधिकारियों ने महिला टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। रॉउंड रोबिन लीग आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में पहले मैच मैं पिछली स्वर्ण पदक विजेता महाराष्ट्र टीम ने मणिपुर को 43-06 अंको से पिछली रजत पदक विजेता तमिलनाडु टीम को उलटफेर का शिकार होना पडा। उसे केरल की टीम ने 18-12 अंको से हराया।

आज प्रात: काल खेले गये एक और मैच में कर्नाटक ने ओडिशा की टीम को 24-05 से परास्त किया। यह प्रतियोगिता 23 से 29 नवम्बर तक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि ये प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता एवं 27 से 29 नवंबर तक पुरुषों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल एवं कुछ खिलाडी में कई गई है कुछ टीमें विभिन्न हॉटेल्स में भी रूकी है। इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग लेने की आशा है। 20019 के पश्चात व्हीलचेयर बास्केटबॉल में कोई नेशनल आयोजित नही हुआ है। पिछली प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की महिला और पुरूष टीम स्वर्ण पदक विजेता है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था। सुशील कोठारी ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की जनरल बॉडी की बैठक भी होगी एवं व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन का चुनाव भी संपन्न हुए । इस चुनाव के लिए विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी भी राजनांदगांव आये है। इस प्रतियोगिता हेतु व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वरूण एहलावत, महासचिव लुईस जार्ज, कालवा राधा राव, कालवा राजेश्वर राव, अमित कुमार, गोविंद सेन, राजन सहित कई अंतर्राष्ट्रीय रेफरी भी भाग ले रहे हैं।

**कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र एवं स्कूल का किया निरीक्षण**

# खरीदी केन्द्रों में अपने समक्ष तौलाया धान चेताया- किसानों से न हो धोखाधड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने चुनावी व्यस्तता के बीच आज ब्लॉक मुख्यालय मस्तुरी एवं किरारी गांव का दौरा कर धान खरीदी केन्द्र, स्कूल एवं अनुसूचित जाति छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों का नियमित मॉनीटरिंग नहीं किये जाने पर सीएसी सूरजसिंह क्षत्री को निलंबित कर दिया है। वहीं मस्तुरी बीईओ एवं किरारी के प्रधानपाठक को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। बीईओ अश्विनी भारद्वाज पर मातहत कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण नहीं रखने एवं प्रधानपाठक सुमन कुमार एक्का पर एक साथ 4 शिक्षकों का अवकाश स्वीकृत कर क्लास रिक्त रखने का प्रथम दृष्टया आरोप लगाया गया है।



कलेक्टर अवनीश शरण ने आज मस्तुरी ब्लॉक के ग्राम किरारी स्थित मिडिल स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने लगभग आधा घण्टे तक बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण माहौल में चर्चा की। कक्षा 7 वीं के बच्चों से सामान्य ज्ञान एवं हाल ही में संपन्न चुनाव के संबंध में उनकी ज्ञान परखी। बच्चों के बेबाकी पूर्ण जवाब एवं उनमें आत्मविश्वास देखकर वे काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ें तो जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है। उन्होंने बच्चों को उनके भावी जीवन के लिए कैरियर मार्गदर्शन भी दिया। कलेक्टर ने बच्चों की कॉपी चेककर उनकी हैण्डराइटिंग भी देखी और राईटिंग सुधारने के लिए प्रतिदिन एक या दो पेज लिखने का अभ्यास करने को प्रोत्साहित किया। बच्चों की बेबाकी एवं अच्छे शैक्षणिक स्तर से खुश होकर कलेक्टर ने सभी बच्चों को बिस्किट भी खिलाई। कलेक्टर शरण ने रसोईघर पहुंचकर बच्चों के लिए बनाये गये भोजन का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता परखने के लिए स्वयं दाल-भात एवं सब्जी का स्वाद चखा। दाल की गुणवत्ता मानक स्तर का नहीं पाये जाने पर महिला स्व सहायता समूह के प्रति नाराजगी जताते हुए समूह अध्यक्ष को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर इसके बाद मस्तुरी स्थित पोस्ट मेट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास भी गए। उन्होंने बच्चों से मुलाकात कर उनकी शिक्षा एवं हॉस्टल में मिल रही सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने समवेत बासन्ती नाम के मंदबुद्धि बच्चे की समुचित शिक्षा की व्यवस्था करने के निर्देश भी डीईओ को दिए।

कलेक्टर अवनीश शरण ने किरारी एवं मोपका स्थित धान खरीदी केन्द्र का भी जायजा लिया। बेचने आये किसान अनिल कुमार पाण्डेय एवं धर्मेन्द्र सिंह से चर्चा कर व्यवस्था की जानकारी ली। खरीदी केन्द्रों पर आवक फिलहाल कम होना बताया गया । उन्होंने अपने सामने कुछ बोरा तौलाई कराई और देखा कि किसानों से निर्धारित तात्रा से कहीं ज्यादा धान तो वसूला नहीं जा रहा है। नमी मापक यंत्र से धान की जांच की। उन्होंने बारदानों की उपलब्धता एवं किसानों को भुगतान के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि दो-तीन दिन में भुगतान हमें प्राप्त हो जा रहा है। खरीदी व्यवस्था पर किसानों ने संतुष्टि जाहिर की।

# भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में केरल का कॉफी स्टॉल बना सबकी पहली पसंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केरल सरकार का प्रतिष्ठित सहकारी उद्यम एनएमडीसी, प्रगति मैदान, 2023 में भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में सुर्खियां बटोर रहा है। कोझिकोड से वायनाड तक, एनएमडीसी का कृषि और पहाड़ी उत्पादों का असाधारण संग्रह और विपणन उपज, नारियल, खोपरा आदि ने व्यापक प्रशंसा हासिल की है।



लेकिन इन सब में सबसे अधिक लोकप्रिय हुई है वायनाड की रोबस्ता कॉफी। वायनाड मानसून रोबस्टा- जीआई टैग ;- एनएमडीसी केरल के फैक्ट्री मैनेजर रीनीश ने उनकी भागीदारी पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, यह फिल्टर कॉफी की एक किस्म है। यह मानसून रोबस्टा (80 प्रतिशत) और मानसून अरेबिका (20 प्रतिशत) का संयोजन है। अगली किस्म मिश्रित कॉफी है और यह 40 प्रतिशत चिकोरी मिश्रित कॉफी है। उन्होंने कहा कि आईआईटीएफ में हमारे स्टॉल कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में गुणवत्ता और नवाचार के प्रति एनएमडीसी की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में काम करते हैं। कार्यक्रम का फोकस एनएमडीसी की उत्कृष्ट कॉफी रेंज, विशेष रूप से वायनाड मॉनसून रोबस्टा, एक भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग उत्पाद पर है। सभी विज़िटर्स हमारे विविध कॉफी पेशकशों से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं, जो एनएमडीसी की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

आईआईटीएफ में एनएमडीसी के स्टॉल पर आने वाले आगंतुक विविध कॉफी का लुत्फ उठा रहे हैं। जिसमें भुनी हुई कॉफी बीन्स के 200 ग्राम पैकेट, शुद्ध कॉफी के 200 ग्राम पैकेट और कॉफी पाउडर के 100 ग्राम पैकेट शामिल हैं। भारी मांग उपभोक्ताओं को पसंद आने वाले असाधारण उत्पाद उपलब्ध कराने में एनएमडीसी की क्षमता को रेखांकित करती है। कॉफी के शौकीन रवींद्र झा ने वायनाड कॉफी की खरीददारी की। उन्होंने कहा, मेरे बच्चों को वायनाड की ये कॉफी बहुत पसंद आई। इसलिए आज हमने इसे खरीदा है। मुझे यहाँ पर कॉफी के विविध प्रकार मिल रहे हैं। ये एक बहुत अच्छा स्टॉल है जहाँ ताजी और अच्छी कॉफी मिल रही है।

मैं लोगों से अपील करता हूँ कि केरल सरकार की इस पहल को सपोर्ट करें और शानदार कॉफी का आनंद लें। नोएडा के नितिन रंजन ने भी केरल की इस कॉफी की खरीददारी की। उन्होंने कहा, मेरे परिवार में सभी कॉफी के दीवाने हैं। मैंने उनसब के लिये आज दो अलग-अलग तरह की कॉफी खरीदी हैं। हमें दिल्ली में केरल की ऑथेंटिक कॉफी का स्वाद मिल रहा है। ये बहुत बेहतरीन स्टॉल है।आईआईटीएफ में एनएमडीसी की उपस्थिति इसके विश्वास, गुणवत्ता आश्वासन और उत्कृष्ट सेवा के अनुरूप है।

### वन महानिर्देशक व कोल इंडिया के चेयरमेन पहुंचे गेवरा, खदानों का लिया जायजा

**कोरबा।** भारत सरकार के वन पर्यावरण मंत्रालय में विशेष सचिव और वन मामलों के महाप्रबंधक सीपी गोयल और कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद एक दिवसीय प्रवास पर गेवरा पहुंचे। उन्होंने व्यू पॉइंट से माइंस का निरीक्षण किया। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारियों ने यहां जरूरी जानकारी दी। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए वन पर्यावरण विशेष सचिव गोयल ने अपने प्रवास को लेकर बताया कि कोरबा जिले में कोल इंडिया की बड़ी परियोजनाएं काम कर रही है। यहां की स्थिति जानना जरूरी है। व्यवहारिक कठिनाइयां को जानने के साथ इस दिशा में आगे जरूरी कदम उठाने के लिए प्रयास होंगे। वन मामलों के केंद्रीय अधिकारी गोयल ने बताया कि ऊर्जा संसाधनों की पूर्ति के लिए कई प्रकार से काम किके जा रहे हैं। कोयला खनन भी इनमें से एक शामिल है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर...



### ऑटो में घूम-घूम कर बेच रहा था गांजा, पुलिस ने पकड़ा

**रायपुर (ए)।** थाना उरला क्षेत्रांतर्गत सरोरा स्थित मिश्रा ढाबा के पास आटो में गांजा के साथ एक आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से 3 किलो गांजा और आटो को जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जानकारी के अनुसार 22 नवंबर को थाना उरला पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत सरोरा स्थित मिश्रा ढाबा के पास आटो में सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर वाहन एवं व्यक्ति की पतासाजी कर वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। आटो वाहन में एक व्यक्ति सवार था जिसने पूछताछ में अपना नाम नानू ताण्डी निवासी कोटा सरस्वती नगर रायपुर बताया। आटो की तालाशी लेने पर आटो में गांजा मिला। जिस पर आरोपी नानू ताण्डी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 3 किलोग्राम गांजा, बिक्री रकम 5,000/– रुपये तथा आटो क्रमांक सी/जी/04/टी/4309 जुमला कीमती लगभग 1,00,000/– रुपये जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 480/2023 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।



### तेज रफ्तार ट्रक का कहर, तीन छात्रों को मारी टक्कर, सभी रायपुर रेफर


**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने एक स्कूली छात्रों को टक्कर मार दी। जिस वक्त हादसा हुए ड्राइवर नशे में धुत था। हादसे के बाद ट्रक की टक्कर से तीन स्कूली छात्रा घायल हो गए।

हादसा पाण्डुका के रजनकटा मोड़ के पास हुआ था। तीनों छात्र आदिवासी आश्रम में पढ़ाई करने जा रहे थे। फिलहाल तीनों को इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है।

# मारपीट करने वाले पार्षद पर कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस आत्महत्या करने टॉवर पर चढ़ा पीड़ित, सांसद ने दी समझाइश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** थाने में घुसकर शख्स से मारपीट करने वाले वार्ड 64 के पार्षद व उसके पुत्र पर खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज पीड़ित ने मोबाइल टॉवर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी दी। पीड़ित की धमकी के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और आनन फानन में भिलाई नगर पुलिस पहुंच गई। सूचना मिलने पर सांसद विजय बघेल भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित को समझाइश दी। कार्रवाई का भरोसा मिलने पर पीड़ित मोबाइल टावर से नीचे उतरा।





बता दें सेक्टर-10 निवासी पीड़ित सतपाल सिंह की शिकायत पर भिलाई निगम के वार्ड 64 के कांग्रेसी पार्षद अभय सोनी, उसके बेटे अमन सोनी व अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अपनी शिकायत में सतपाल सिंह ने बताया था कि रविवार की रात को उसे फोन कर सेक्टर-नौ चौक पर बुलाकर मारपीट की गई। इसकी शिकायत के लिए भिलाई नगर थाने पहुंचने पर पार्षद अभय सोनी, उसका बेटा अमन सोनी व अन्य लोग थाने पहुंचे और यहां भी पीड़ित से मारपीट की। पुलिस कर्मियों के रोकने पर भी नहीं रुके। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट तो ले ली लेकिन अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज सतपाल सिंह आज सुबह सेक्टर-10 में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गए। सतपाल सिंह यहां से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। कार्रवाई नहीं होने पर सतपाल सिंह ने टॉवर से कूद जाने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची और सतपाल सिंह को समझाना शुरू किया। कुछ देर पर सांसद विजय बघेल भी मौके पर पहुंचे और सतपाल सिंह को समझाइश दी और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद सतपाल सिंह नीचे उतरा। यहां से सतपाल सिंह को अस्पताल ले जाया गया।

# राजधानी में महिला से हुई लाखों की ठगी घर बैठे काम करने का दिया था झांसा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में एक महिला से 14 लाख से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ने महिला को घर बैठे पैसा कमाने का झांसा दिया और पहले एक हजार जमा करवाकर 1300 रुपए दिए। इसके बाद 3 हजार जमाकर 7800 रुपए खाते में भेजा। इस तरह महिला जब झांसे में आ गई तो अलग अलग किश्तों में 14 लाख 50 हजार रुपए जमा करा लिए। 14 लाख रुपए गवांने के बाद महिला को ठगी का अहसास हुआ और उसने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया। मामला सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर सेक्टर 01 निवासी सुदीप्ती राय प्राइवेट जॉब करती है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 12 अक्टूबर 2023 को उनके वाट्सएप नंबर 75566927521 पर 84377738753 नंबर से वाट्सएप मैसेज आया। जिसमे अलग अलग वेबसाइट में रिव्यू करने पर प्रति रिव्यू 150 रुपए मिलने की बात कही गई और घर बैठे आसानी से पैसे कमाने के बारे मे जानकारी दी गई थी। उनसे संपर्क करने पर उन्होने महिला का डिटेल लिया और टेलीग्राम मे यूजर नेम @samicha256 से बात करने कहा गया। महलिा ने टेलीग्राम पर बात की तो रजिस्ट्रेशन कराया गया। 12 अक्टूबर को शुरूआत मे 1000 रुपए भेजने कहा। महिला ने फोन पे के माध्यम से किया। उनके द्वारा महिला को वेबसाईट https://yc19v.com/h5 में लागिन करने बोला गया और टेलीग्राम Tutor @DurjoyDeb_777 से संपर्क करने कहा गया। संपर्क करने पर उन्होने उसके बैंक खाते एक्सीस बैंक मे 1300 रुपए जमा किए। इसके बाद 3000 रुपए देने पर 7800 रुपए वापस मिले। जिसके कारण मै विश्वास करके एक-एक करके 12 अक्टूबर 2023 से 19 अक्टूबर 2023 तक उनके द्वारा दिए गए कुल 16 अलग अलग बैंक के खातो मे कुल 14,45,000 (चौदह लाख पैतालिस हजार) रूपये जमा किए। जिसके बदले महिला को कोई रकम वापस नही की गई। महिला ने कई बार उन्हें मैसेज किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अंत में महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीसरी आंख हुई एक्टिवः ट्रैफिक नियमों की न करें अनदेखी, नहीं तो लायसेंस होगा रद्द

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** जगदलपुर शहर के तमाम चौक-चौराहों पर लगे तीसरी आंख को एक्टिव कर दिया गया है। जिसके चलते अब यातायात पुलिस को नजरअंदाज करने वाले, रफूचक्कर होने वाले, बाइक पर तीन लोग सवार होने वाले और फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले पर गाज गिरना शुरू हो गई है। अब यातायात नियमों को तोड़ने वालों के घर ई-चालान भेजा जा रहा है। इन बाइक सवारों के द्वारा चालान नहीं भरने पर उनके लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

यातायात प्रभारी अभिजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि बिना



हेलमेट, तीन सवारी, फोन पर बात करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही बाइक सवारों के द्वारा रोजाना भीड़भाड़ वाले इलाकों में अपनी वाहनों को चलते हुए देखा जा रहा है। जिसके चलते कई बार बड़े हादसे होने के साथ ही लोगों को अपनी जान तक गवाना पड़ रही है। ऐसे में अब पुलिस ने तीसरी आंख में ऐसे सवारों के ऊपर कार्रवाई की प्रकिया शुरू कर दी है।

इन बाइक सवारों के नंबर को लिखने के साथ ही वाहन चालकों के फोटो को खींचने के बाद उसे आरटीओ कार्यालय भेजा जाता है, जहां नंबर के आधार पर इन बाइक सवारों के घरों की पूरी जानकारी लेने के बाद उनके पते पर ई चालान भेजा जा रहा है। तीन दिन के अंदर चालान नहीं भरने पर उनके लाइसेंस को रद्द करने के साथ ही कार्रवाई की जा रही है। एक दिन की में पुलिस ने 35 बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई की है। साथ ही बुलेट वाहन के साइलेंसर को बदलकर तेज रफ्तार वाली साइलेंसर लगाने पर साइलेंसर को जब्त कर किया जा रहा है।

## अपराध को कम करने 'प्रिवेंटिंग पुलिसिंग' पर दिया जोर

**भिलाई।** दुर्ग एसपी राम गोपाल गर्ग ने गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में क्राइम मीटिंग ली। बैठक में थाना व चौकियों के लंबित अपराध एवम अन्य विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। मीटिंग में समस्त थाना-चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक में प्रभारियों से आंकड़े लिए गए, आंकड़े के हिसाब से पेंडिंग अपराध के प्रतिशत में कमी लाकर अपराध नियंत्रण करने के लिए 'प्रिवेंटिंग पुलिसिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिलाओं और नाबालिगों की गुमशुदगी के मामलों में पुलिस टीम को फौरन कार्रवाई करने और लापता युवतियों की तलाश करने के लिए तत्काल एक्शन लेने के लिए भी कहा गया।

### ब्लैकमेल करने वाला RTI एक्टिविस्ट दिल्ली से गिरफ्तार, परेशान होकर शिक्षक ने की थी आत्महत्या की कोशिश

**कांकेर।** कांकेर में शिक्षक को ब्लैकमेल करने वाले फरार आरटीआई एक्टिविस्ट शाहरुख खान को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर शिक्षक ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। मामला उजागर होने के बाद ही आरटीआई एक्टिविस्ट अंडरग्राउंड हो गया था। गुरुवार को गिरफ्तार कर कांकेर में कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी बेहोशी का नाटक करने लगा। पुलिस उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर ने जांच में कोई भी बीमार होने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उसे जेल भेजा गया।

# ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई में मिली चोरी की कार, सूर्या मॉल के पास दो दिनों से थी पार्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** यातायात पुलिस की नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई के दौरान चोरी की कार मिली। यातायात पुलिस द्वारा गुरुवार को जुनवानी सूर्यामॉल के पास कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान एक कार मिली जिसका कोई मालिक नहीं मिला। यहीं नहीं आसपास के लोगों ने बताया कि उक्त कार दो दिनों से वहां खड़ी है। इसके बाद मेकेनिक को बुलवाकर कार का दरवाजा खुलवाया तो पता चला कार का नंबर भी बदला गया है। इसके बाद पुलिस ने असली मालिक को सूचना दी।

यातायात पुलिस की कार्रवाई के दौरान गुरुवार दोपहर को उप निरीक्षक राजकरण सिंह एवं सहायक उप निरीक्षक राजकुमार दुबे द्वारा नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल रोड में नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान एक वाहन क्रमांक सीजी 04 एम 1399 टाटा कंपनी की कार मुख्य मार्ग में खड़ी थी। आसपास वाहन मालिक के बारे में पूछने पर एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि यह कार पिछले दो दिनों से खड़ी है और इस कार का नंबर एवं मेरे कार का नंबर दोनों एक होना




बताया गया।

इसके बाद सहायक उप निरीक्षक राजकुमार दुबे को यह कार चोरी अथवा किसी प्रकार का संदिग्ध अपराध से संबंधित होने की शंका होने पर वहान को मिस्त्री बुलाकर ग्लास नीचे कराया गया। वाहन में कागजात रखे हुए थे। वहान के पेपर में उसका सही नंबर सीजी 07 बी 5635 होना पाया गया। वाहन नंबर से वाहन मालिक का डिटेल निकालकर संपर्क करने पर वाहन मालिक वेंकट राव भिलाई तीन निवासी को सूचना दी गई। वेंकट सुपेला में टूल्स एंड ट्रेवल्स का कार्य करता है। उसने बताया कि दो दिन पूर्व उसका वहान राजेंद्र प्रसाद चौक से चोरी हो गया था जिस संबंध में वह मोहन नगर थाने में चोरी की घटना का अपराध दर्ज भी कराया है। इसकी सूचना तत्काल उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) को दी गई जिसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उक्त वाहन को थाना मोहन नगर पेट्रोलिंग के सुपुर्द किया गया।

# पत्नी की हत्या कर फरार हुआ पति, पुलिस के डर से किया सरेंडर, 12 दिन से था फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर (ए)।** बस्तर जिले के घोटिया थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले एक महिला की लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस को हत्या के मामले में महिला के पति पर ही शक था। घटना के बाद से वह गायब था। इधर पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार करने दबिश दे रही थी और आरोपी पति ने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। लगभग 12 दिन फरारी काटने के आरोपी



पति ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि शिकायकर्ता गागरू ने 14 नवंबर को चौकी घोटिया थाना लोहण्डीगुडा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। गागरू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी बेटी सुकबती बघेल पत्नी पंडरू बघेल 11 नवंबर को घर से बिना बताये कही चली गई थी। तलाशी के दौरान सुकबती बघेल का शव सुधापाल जंगल मे मिला। मृतका के शव को देखकर उसकी पहचान करने के बाद पुलिस ने चौकी घोटिया मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान मृतका के पति पंडरू बघेल निवासी तिरथा पटेलपारा के ऊपर हत्या करने का शक किया गया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की पता तलाश शुरू कर दी। 21 नवंबर को घोटिया चौकी पुलिस द्वारा लगातार दबिश दिये जाने व छापेमारी की कार्यवाही से आरोपी डर गया। इसके बाद आरोपी पति पंडरू ने बोधघाट थाना में आत्मसर्मपण कर दिया। सूचना मिलने पर घोटिया चौकी से पुलिस टीम बोधघाट थाना पहुंचकर आरोपी को चौकी घोटिया ले आई। आरोपी के खिलाफ धारा 302 भादवि दर्ज कर जांच में लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### 22वीं जूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई।** कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के कबड्डी ग्राउंड पर 24 नवम्बर को संध्या 5 बजे से बीएसपी (सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर) कबड्डी टीम के चयन हेतु स्पर्धा आयोजित की गई है। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ी (बालक) का वजन 55 किग्रा. एवं खिलाड़ी (बालिका) का वजन 55 किग्रा. तथा उम्र 16 वर्ष होनी चाहिए। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के खिलाड़ी (बालक) का वजन 70 किग्रा. एवं खिलाड़ी (बालिका) का वजन 65 किग्रा. तथा उम्र 20 वर्ष होनी चाहिए। सीनियर वर्ग के खिलाड़ी (पुरूष) का वजन 85 किग्रा. एवं खिलाड़ी (महिला) का वजन 75 किग्रा. होना चाहिए। सभी प्रतिभागियों को मूल अंकसूची, मूल आधार कार्ड एवं 3 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित पात्रता प्राप्त प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। अत: जो कार्मिक खिलाड़ी/ कार्मिकों के बच्चे/भिलाई परिधीय क्षेत्र के युवा खिलाड़ी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे दिनांक: 24 नवम्बर को संध्या 5.00 बजे तक पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के कबड्डी ग्राउंड पर चयनकर्ताओं के पास अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। इस कबड्डी स्पर्धा के चयनकर्ता विकास कुमार, नागेष्वर एवं प्रकाश राव है। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

### निर्वाचन कर्मियों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराने रायपुर में की गई एयर एंबुलेंस की तैनाती

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आकस्मिक आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रायपुर में एयर एम्बुलेंस की तैनाती की गई है। एम्बुलेंस के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर बी.सी.साहू मो.न. 9425204172 एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो.न. 9340032009, 9479191005 की नियुक्ति की गई है। दुर्ग जिले के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### मतगणना 3 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम के लिए दुर्ग जिले के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में 3 दिसम्बर 2023 को प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। विधानसभावार 14 टेबलों में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में एक सुपरवाईजर तथा एक गणना सहायक होंगे। डाकमत पत्रों की गणना पहले होगी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित सभी रिटर्निंग ऑफिसर को मतगणना तिथि, स्थान व समय का व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा है। श्री दुबे ने बताया कि मतगणना स्थल में मोबाईल प्रतिबंधित है।

# ई-पेमेंट गेटवे पर सेल-बीएसपी और भारतीय स्टेट बैंक रायपुर के बीच एमओयू साइन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) डी एन करण, और उप-महाप्रबंधक (एसबीआई, रायपुर) विमल किशोर ने, 23 नवंबर 2023 को ई-पेमेंट गेटवे एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य बीएसपी के ग्राहकों को मटेरियल लिफ्टिंग के लिए ग्राहक बही में क्रेडिट के निर्बाध प्रवाह की सुविधा प्रदान करना है।**



इसके तहत, बीएसपी अपने सिस्टम को एसबीआई के पेमेंट गेटवे के साथ एकीकृत करेगा, जिससे लेनदेन के निर्बाध प्रवाह में मदद मिलेगी। बीएसपी ई-भुगतान मॉड्यूल का उपयोग करके अपने सिस्टम को स्वचालित करेगा, जिससे ग्राहक द्वारा मटेरियल लिफ्टिंग में लगने वाला समय कम हो जाएगा। इस एमओयू से बीएसपी को अपने ग्राहकों के साथ रिश्ते मजबूत करने में मदद मिलेगी। साथ ही पारदर्शिता और एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करने से, संयंत्र और ग्राहकों का समय और लागत बचाने में भी मदद मिलेगी।

निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने, स्वचालन के लिए एफ एंड ए और सी एंड आईटी विभागों द्वारा किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए इसकी सराहना की। कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा ने, संगठन के लिए ई-पेमेंट गेटवे के विशेष लाभों के बारे में बताया और इस बात पर जोर दिया कि इसके उपयोग के परिणामस्वरूप ग्राहकों को किस तरह से संतुष्टि मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (प्रोजेक्ट्स) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (रावघाट)समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) बी के गिरी तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) असित साहा उपस्थित थे। महाप्रबंधक ए के अग्रवाल, उप-महाप्रबंधक (एफएंड ए) ए के पांडे और महाप्रबंधक प्रभारी समीर गुप्ता द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए हैं।

मौजूदा प्रणाली और प्रस्तावित प्रणाली के बारे में उप-प्रबंधक (एफएंड ए) तनिमा वासन द्वारा एक प्रस्तुति दी गई। यह प्रणाली बीएसपी के सी एंड आईटी विभाग द्वारा एसबीआई की तकनीकी टीम के साथ विकसित की जाएगी जो विपणन और वित्त विभाग के मैन्युअल काम को कम करने में सहायक होगी।

## राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने दिव्यांग लखन साहू को दी ई-ट्राईसाईकिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** बोरसी वार्ड निवासी लखन साहू पिता चिंताराम साहू अब अपने काम पर ई-ट्राईसाईकिल से आयेगा। इसके पूर्व वह पैडल ट्राईसाइकिल से अपने काम पर राजेंद्र पार्क पहुंचता था। वह अब सुविधा व आरामदायक स्थिति में ई-ट्राईसाईकिल से अपने काम पर समय से पहुंच सकेगा । राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. सुश्री सरोज पांडेय ने आज लखन साहू को जल परिसर में बुलाकर बैटरी वाली ई-ट्राईसाईकिल देकर उसका सम्मान कर उसका हौसला बढ़ाया है। लेख्य है कि बोरसी निवासी लखन साहू को राज्यसभा सांसद डा. सरोज पांडेय लखन साहू को व्यक्तिगत रूप से जानती और पहचानती है।

लखन साहू नगर पालिका निगम दुर्ग में भृत्य के पद पर काम करता है। जो शुरू से राजेंद्र पार्क गार्डन व अन्य गार्डन में माली का काम करता है। 10-12 साल पहले माननीय राज्यसभा सांसद ने ही लखन साहू को पैडल ट्राईसाईकिल प्रदान किया था तब से अब तक वह इसी ट्राईसाइकिल से अपने काम पर नियमित रूप से आ रहा था।

गत दिनों आंवला नवमी पर्व के दौरान राज्यसभा सांसद की मुलाकात राजेंद्र पार्क में लखन साहू से हुई। उन्होंने उनकी कुशल व स्वास्थ्य की जानकारी ली। लखन साहू ने बताया की आपके द्वारा प्रदान की गई ट्राईसाइकिल से ही मैं अपने काम पर आता जाता हूं। और इसी का उपयोग अब तक कर रहा हूं। इस पर राज्यसभा सांसद श्री पांडेय ने उसे बैटरी वाली ई ट्राईसाइकिल देने की बात की। और आज जलपरिसर में लखन साहू को ई-ट्राईसाईकिल दी गई ।

# एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 2 जनवरी से हेमचंद विश्वविद्यालय को मिली पहली बार मेजबानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 02 जनवरी से 08 जनवरी 2024 तक राजनांदगांव में स्थित मॉडल कॉलेज, सोमनी में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा किया जायेगा। विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजन करने का दायित्व प्रथम बार प्राप्त हुआ है।**

इस संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी पत्र विष्वविद्यालय को प्राप्त हो गया है। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग की मेजबानी में आयोजित होने जा रहे प्रतिष्ठापूर्ण राष्ट्रीय एकता शिविर में 13 राज्यों के स्वयं सेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक राज्य से 10 स्वयं सेवक तथा 01 कार्यक्रम अधिकारी शामिल होंगे। डॉ. आर. पी. अग्रवाल के अनुसार पूर्ण रूप से भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस षिविर के आयोजन स्थल का चयन करने हेतु आज भोपाल से क्षेत्रीय निर्देशक श्री श्रोती तथा छत्तीसगढ़ राज्य एनएसएस सम्पर्क अधिकारी, डॉ. नीता बाजपेयी ने एनएसएस अधिकारियों के साथ सोमनी स्थित मॉडल कॉलेज का भौतिक रूप से अवलोकन कर आयोजन स्थल के रूप में अनुषंसा की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि 07 दिवसीय राष्ट्रीय एकता षिविर के दौरान विभिन्न प्रांतों के स्वयं सेवक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के आदान-प्रदान अर्थात कल्चरल एक्सचेंज करेंगे। षिविर के दौरान आपसी खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाज, लोकनृत्य, वाद्ययंत्र आदि से संबंधित जानकारी भी स्वयं सेवक प्राप्त करेंगे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की 02 और टीमें पष्चिम बंगाल में स्थित नाडिया तथा हिमाचल प्रदेश के मनाली के समीप आयोजित होने वाले क्रमशः राष्ट्रीय एकता षिविर तथा राष्ट्रीय वॉटर एडवेंचर कैंप में हिस्सा लेने अगामी सप्ताह में रवाना हो रही है। इन टीमों का नेतृत्व स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई की संयुक्ता पाढ़ी तथा शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर की डॉ. चांदनी मरकाम कर रही है। विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने दोनों टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्षन हेतु शुभकामनाएं दी है।

# अरूण वोरा के जन्मदिन पर 51 किलो की माला पहनाकर बधाई दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** दुर्ग के लोकप्रिय विधायक अरुण वोरा के जन्मदिन के अवसर पर मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने 51 किलो की माला पहनकर भव्य स्वागत कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की।



इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी राधेश्याम शर्मा, पार्षद श्रद्धा सोनी, शकुन ढीमर, हेमंत तिवारी, संदीप श्रीवास्तव शिवाकांत तिवारी, अलख नवरंग,मीना मानिकपुरी, राकेश दुबे,अशोक मेहरा, जितेंद्र तिवारी,पासी अली, मोहम्मद उस्मानी, राजकुमार वर्मा, नवाब एजाज चौहान, थानेश्वर साहू,नरेंद्र सोनकर,रवि कोरिया,सोमू मुखर्जी, चंद्रशेखर पारख सहित भारी संख्या में कांग्रेस अनुपस्थित थे।

# पुनीत सागर अभियान जी-20 श्री शंकराचार्य महाविद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट के द्वारा 37 सीजी बटालियन के तहत पुनीत सागर जी-20 जागरूकता अभियान सप्ताह पर रैली और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का आयोजन किया। एनसीसी कैडेट के द्वारा रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली महाविद्यालय से निकलकर ग्राम खपरी तक गई। इस रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा एवं महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली के माध्यम से लोगों को नदी तालाबों को गंदा होने से बचाने के लिए जागरूक किया. इसके साथ ही साथ घर-घर जाकर लोगों को नदी तालाब और सागर को बचाने के लिए अभियान भी चलाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि नदी तालाबों और सागरों को गंदा होने से बचाने का यह काम एक बहुत ही सराहनीय प्रयास है इसके माध्यम से हमें स्वयं और लोगों को जागरूक करने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए।

महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि एनसीसी क कैडेटों का यह प्रयास प्रशंसनीय है। इस रैली को सफ्ल बनाने के लिए महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ के.जे मंडल एवं लेफ्टिनेंट उज्ज्वला भोसले का योगदान रहा। इस रैली में एनसीसी के 80 कैडेट उपस्थित थे।

# पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दुर्ग उपकेन्द्र, मेड़ेसरा में हिंदी कार्यशाला आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के समन्वयन में 22 नवम्बर 2023 को पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड, दुर्ग उपकेन्द्र, मेड़ेसरा में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।**




कार्यशाला के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दुर्ग उपकेन्द्र, मेड़ेसरा अजय महादेव राव कापसे थे तथा विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश चन्द्र, मुख्य प्रबंधक (संचरण पथ-निर्माण) थे। कार्यशाला में संकाय सदस्य के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा), जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि अजय महादेव राव कापसे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी ही वह भाषा है जो अखिल भारतीय स्तर पर व्याप्त है। हिंदी के माध्यम से भारत के किसी भी प्रदेश में संवाद किया जा सकता है। हिंदी में कामकाज करना हमारा राष्ट्रीय दायित्व है अत: हमें अपना समस्त कार्य हिंदी में ही संपादित करना चाहिए। जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन करते हुए कंप्यूटर में यूनिकोड इंस्टाल करके मोबाइल में बोलकर कंप्यूटर में हिंदी टायपिंग करने की प्रक्रिया बतलाई। उन्होंने राजभाषा को प्रोत्साहन हेतु सामान्य ज्ञान, पर्यावरण, सुरक्षा एवं हिंदी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अभियंता एवं हिंदी अधिकारी निशा देशमुख ने हिंदी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रबंधक (अनुरक्षण) अजय रावल ने हिंदी की वैश्विक स्तर पर व्यापकता एवं प्रभावशीलता पर अपने विचार रखे। कार्यशाला में सुशीला मुद्दू (पी.एस.) एवं किशोर ठाकरे, टेक्नीशियन (ओ एण्ड एम) सहित उपकेन्द्र, मेड़ेसरा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अभियंता एवं हिंदी अधिकारी निशा देशमुख ने किया।

# जीई रोड के दोनों किनारो के अवैध कब्जे होंगे बेदखल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शहर की सुंदरता व सुगम यातायात में अवैध कब्जा तथा सार्वजनिक स्थलों पर खड़े वाहन, कंडम वाहन बाधक है। इसे हटाने निगम द्वारा आगामी सप्ताह से अभियान चलाया जायेगा, जिसमें व्यापारियों का सहयोग अपेक्षित है।**



निगम सभागार में आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर जी. ई.रोड से लगे सर्विस रोड पर रि-सेल वाहनो के विक्रेताओं की आहुत बैठक में उक्त बाते अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा उन्होने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि फुटपाथ, पार्किंग,सार्वजनिक स्थल, सड़क से अवैध कब्जा हटाया जाये, ताकि यातायात में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इसी के परिपालन में भिलाई के सेकण्ड हैण्ड वाहन विक्रेताओ को इस बात की जानकारी हो कि जी.ई.रोड के दोनो किनारो पर सर्विस रोड में अपने विक्रय वाहनो को प्रदर्शन के लिए खड़े रखते है जो यातायात में सबसे बड़ा बाधा है। व्यापारी अपने वाहन को वहां से हटा लेवे ताकि निगम द्वारा किये जाने वाले कार्यवाही से बच सके। दक्षिण गंगोत्री व्यवसायी क्षेत्र से आये व्यापारी हरजीत सिंह तथा हरीश पटेल ने सुझाव देते हुए कहा कि निगम अपनी भूमि का हमसे किराया वसूल करे अथवा हम व्यापारियों को अपने वाहनो को खड़े करने के लिए एक स्थान निर्धारित कर देवे ताकि हम अपना वाहन विक्रय हेतु सड़क पर न रखे।

अपर आयुक्त एवं उप अधीक्षक यातायात पुलिस ने इस बात पर कड़ा आपत्ति किये कि संजय नगर तालाब के पास सडक मोड पर सर्विस सेंटर चलाया जा रहा है और वाहन को सड़क पर खड़ा रखता है व्यापारी उसे तत्काल बंद करे। अपर आयुक्त श्री द्विवेदी ने व्यापारियों को जानकारी देते बताया कि आगामी दो दिनो में जी.ई.रोड के दोनो किनारो में मार्किंग कर अवैध कब्जे पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जावेगा। वाहन व्यापारी अपने वाहन सुरक्षित स्थान पर रखे ताकि निगम कार्यवाही से होने वाले असुविधा से बचा जा सके।

बैठक में जोन आयुक्त खिरोद्र भोई, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, यातायात पुलिस विभाग के उप अधीक्षक पी.डी. चन्द्रा, राजस्व अधिकारी बाल कृष्ण नायडू, मलखान सिंह सोरी, वाहन विक्रेता जोगेन्द्र, सय्यद अली, मोहम्मद आलम, शिवकुमार सिन्हा, शंकरदास, बंटी सिद्दीकी, संतोष साहू, नरेश आदि उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950